शनिवार, 14 फरवरी 2026

**मौसम**



तापमान 17 – 29
आर्द्रता 60%
सूर्योदय: 06:10 सूर्यास्त: 17:32

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : बुरा लगे ऐसा सत्य जरूर बोला, लेकिन सत्य लगे ऐसा झूठ कभी मत बोलो।




रेलवे ने 2025 में तीन करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी बंद किये: वैष्णव पृष्ठ 7

# सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन विकसित भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण मील के पत्थर हैं : प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री मोदी ने सेवा तीर्थ परिसर में नए पीएमओ का उद्घाटन किया

**नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और केंद्रीय सचिवालय के नए भवन विकसित भारत की दिशा में देश की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं और ये नागरिक-केंद्रित शासन एवं राष्ट्रीय प्रगति के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। नए प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय सचिवालय की दो इमारतों का उद्घाटन करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि इन इमारतों का निर्माण भारत के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ' रखा गया है जबकि केंद्रीय सचिवालय की दो इमारतों को 'कर्तव्य भवन' 1 और 2 कहा जाएगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों, वरिष्ठ नौकरशाहों और केंद्र सरकार के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन 1 और 2, विकसित भारत की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं। ये नागरिक-केंद्रित शासन और राष्ट्रीय प्रगति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी ऐतिहासिक इमारतें, जिनमें अब तक प्रधानमंत्री कार्यालय के अलावा रक्षा, गृह और वित्त जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय स्थित हैं, ब्रिटिश साम्राज्य के आदर्शों को मूर्त रूप देने के लिए बनाई गई थीं, लेकिन सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन का निर्माण देश की जनता की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा, यहां लिए गए निर्णय किसी सम्राट की इच्छा को प्रतिबिंबित करने के बजाय 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने की नींव बनेंगे। इसी भावना के साथ, मैं सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन को देश की जनता को समर्पित करता हूं। मोदी ने कहा कि आजादी के बाद, देश के भविष्य को आकार देने वाले कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और प्रमुख नीतियां साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी इमारतों में विकसित की गईं। हालांकि, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि ये संरचनाएं मूल रूप से अंग्रेजों के प्रतीक के रूप में बनाई गई थीं। उन्होंने कहा कि भारत की राजधानी कोलकाता से रायसीना हिल पर स्थित उन इमारतों में स्थानांतरित कर दी गई थी, जिनका निर्माण ब्रिटिश राजघराने की इच्छा के अनुसार किया गया था। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है, यह महत्वपूर्ण है कि भारत औपनिवेशिक मानसिकता के हर निशानी को छोड़ दे। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की राह पर बढ़ रहे देश के लिये यह अत्यंत आवश्यक है कि वह गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर आगे बढ़े।

## मोदी ने साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय में मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक की अध्यक्षता की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटिश काल के सचिवालय भवन में स्थित अपने साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय में केंद्रीय मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को सेवा तीर्थ परिसर का उद्घाटन किया, जहां प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय स्थित होंगे। शाम चार बजे हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सभी मंत्री उपस्थित थे। ब्रिटिश राज की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 1900 के दशक की शुरुआत में ब्रिटिश वास्तुकार हर्बर्ट बेकर द्वारा डिजाइन किए गए परिसर में स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में मंत्रिमंडल की यह अंतिम बैठक थी।

# बांग्लादेश चुनाव: तारिक रहमान की बीएनपी को स्पष्ट बहुमत

- दो दशकों बाद सत्ता में वापसी
- तारिक रहमान दो सीटों पर जीते
- जमात के हाथ लगी निराशा





**ढाका :** बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) ने शुक्रवार को ऐतिहासिक संसदीय चुनावों में दो-तिहाई से अधिक बहुमत के साथ शानदार जीत हासिल की और दो दशकों के अंतराल के बाद सत्ता में शानदार वापसी की है। तेरहवें संसदीय चुनाव ऐसे समय में हुए हैं, जब देश उथल-पुथल भरी राजनीतिक शून्यता, अस्थिरता और सुरक्षा की नाजुक स्थिति से गुजर रहा है। देश में पिछले साल अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद अल्पसंख्यकों पर व्यापक पैमाने पर हमले हुए हैं। छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के कारण अगस्त 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को 15 साल के शासन के बाद सत्ता से हटना पड़ा था। निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा घोषित अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, बीएनपी ने 297 सीट में से 209 सीट हासिल की हैं, जबकि पाकिस्तान के करीबी मानी जाने वाली दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी ने 68 सीट जीती हैं। चुनाव में 59.44 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। हसीना की अवामी लीग पार्टी को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था। बीएनपी के शीर्ष नेता तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। वह अंतरिम सरकार के मुखिया नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस का स्थान लेंगे। यूनुस के कार्यकाल में बांग्लादेश और भारत के बीच रिश्तों में काफी गिरावट आई है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश के नेता तारिक रहमान से बात कर चुनावी जीत के लिये बधाई दी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पड़ोसी देश बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की जीत पर उसके नेता तारिक रहमान से बात की और दोनों देशों के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया। बीएनपी देश में हुए ऐतिहासिक संसदीय चुनावों में शानदार जीत की ओर अग्रसर है और दो दशकों के अंतराल के बाद सत्ता में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, तारिक रहमान से बात करके मुझे बहुत खुशी हुई। मैंने उन्हें बांग्लादेश चुनावों में उनकी उल्लेखनीय जीत पर बधाई दी।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तारिक रहमान को दी बधाई, संबंध मजबूत होने की जताई उम्मीद

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को बांग्लादेश के आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की निर्णायक जीत पर तारिक रहमान को बधाई दी। बांग्लादेश में गुरुवार को मतदान हुआ था और शुक्रवार सुबह परिणाम स्पष्ट हो गए। मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स पर जारी संदेश में बांग्लादेश की जनता को भी शांतिपूर्ण मतदान के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, मेरी ओर से बांग्लादेश के सभी भाइयों-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं। आप सभी को अग्रिम रमजान मुबारक। इस ऐतिहासिक जीत के लिए मेरे तारिक भाई, उनकी पार्टी और सभी दलों को बधाई। आप सभी सुखी और स्वस्थ रहें। हमारी कामना है कि भारत और बांग्लादेश के संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण बने रहें।

# सड़कों पर बने गड्ढों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में पिछले पांच साल में 53 प्रतिशत वृद्धि हुई



**नयी दिल्ली :** सरकार ने लोकसभा को बताया कि सड़कों पर बने गड्ढों के कारण सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या पिछले पांच वर्षों में 53 प्रतिशत बढ़ी है और 2020 से 2024 के बीच देश भर में 9,438 लोगों की मौत हुई। इनमें से 54 प्रतिशत से अधिक मौतें अकेले उत्तर प्रदेश में हुईं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा बृहस्पतिवार को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में साझा किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि सड़क पर बने गड्ढों के कारण होने वाली मौतों की संख्या में 2021 में मामूली गिरावट आई थी, लेकिन उसके बाद से इसमें लगातार वृद्धि हुई है। इन दुर्घटनाओं में 2020 में 1,555 लोगों की मौतें हुईं, जो घटकर 2021 में 1,481 हो गई। हालांकि, यह 2022 में बढ़कर 1,856; 2023 में 2,161 हो गई तथा 2024 में 2,385 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इन वर्षों में उत्तर प्रदेश में लगातार सबसे अधिक मौतें हुईं, जहां 2020 से 2024 के बीच 5,127 लोगों ने जान गंवाई।

अकेले 2024 में, राज्य में गड्ढों से संबंधित 1,369 मौतें हुईं। मध्यप्रदेश में, सड़कों पर गड्ढों के कारण पांच वर्षों में कुल 969 मौतें हुईं, जिनमें से 2024 की 277 मौतें भी शामिल हैं। तमिलनाडु में इसी अवधि में 612 मौतें हुईं, जबकि पंजाब में 414 मौतें हुईं। मंत्रालय को विभिन्न राज्यों से मिली पुलिस रिपोर्ट से पता चलता है कि आंध्र प्रदेश, बिहार और गोवा सहित कुछ राज्यों में पांच वर्षों की अवधि में गड्ढों से संबंधित कोई दुर्घटना या मौत होने की घटना नहीं हुई। राष्ट्रीय स्तर पर, इस अवधि के दौरान गड्ढों से संबंधित 23,056 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 19,956 लोग घायल हुए। इनमें से 9,670 को ''गंभीर चोटें'' की श्रेणी में रखा गया। गडकरी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है, जबकि संबंधित राज्य सरकारों की जिम्मेदारी अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली सड़कों की है।

# शेयर बाजार धातु, आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से लुढ़का, सेंसेक्स 1,048 अंक टूटा

## गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7.02 लाख करोड़ रुपये घटी

**मुंबई :** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच शुक्रवार को धातु, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और जिंस शेयरों में भारी बिकवाली होने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,048 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 336 अंक टूटा। कारोबारियों ने कहा कि कंपनियों के तिमाही नतीजों के उम्मीद से कम रहने और कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े गतिरोधों के कारण प्रौद्योगिकी कंपनियों पर बढ़ते दबाव ने निवेशक धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,048.16 अंक यानी 1.25 प्रतिशत गिरकर 82,626.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,140.37 अंक लुढ़ककर 82,534.55 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 336.10 अंक यानी 1.30 प्रतिशत टूटकर 25,471.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 362.9 अंक गिरकर 25,444.30 अंत तक आ गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 में से 28 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। हिंदुस्तान यूनिलीवर, इटर्नल, टाइटन, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

# चेहरा प्रतिरोपण शुरू करने की घोषणा करने वाला देश का पहला चिकित्सा संस्थान बना दिल्ली का एम्स

**नयी दिल्ली :** नयी दिल्ली का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) देश का पहला ऐसा चिकित्सा संस्थान बन गया है जिसने चेहरा प्रतिरोपण शुरू करने की घोषणा की है। एम्स के 'प्लास्टिक, रिकंस्ट्रक्टिव एंड बर्न सर्जरी' विभाग ने चेहरे की गंभीर विकृति वाले मरीजों के लिए एक रजिस्ट्री स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग सांस लेने, मुंह खोलने और पलक झपकाने जैसे चेहरे के महत्वपूर्ण कार्यों में बाधा से जूझ रहे मरीजों और कई शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के बावजूद लाभान्वित न हुए रोगियों को इस प्रक्रिया का लाभ पहुंचाएगा। विभाग 11 से 15 फरवरी तक 'बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी ब्लॉक' में एक गहन शव परीक्षण कार्यशाला और अकादमिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी कर रहा है। कार्यशाला के अंतर्गत, बृहस्पतिवार को 'ब्रेनडेड' रोगी के चेहरे की त्वचा का नमूना लिया गया। इस उन्नत प्रशिक्षण पहल का नेतृत्व करने के लिए, एम्स ने बोस्टन के ब्रिघम एंड विमेंस हॉस्पिटल (हार्वर्ड मेडिकल स्कूल) में प्लास्टिक सर्जरी के एसोसिएट चीफ डॉ. इंद्रनील सिन्हा की मेजबानी की, जो 'कंपोजिट टिश्यू एलोट्रांसप्लांटेशन' और 'फेस ट्रांसप्लांट सर्जरी' में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विशेषज्ञ हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी 25% बकाया डीए का भुगतान नहीं

## मुख्य व वित्त सचिव को नोटिस जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के सरकारी कर्मचारियों को देय महंगाई भत्ते (डीए) का 25 प्रतिशत बकाया शीघ्र चुकाने का निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने गत 5 फरवरी को दिया था। लेकिन निर्देश के एक सप्ताह बाद भी बकाया डीए का भुगतान नहीं होने पर राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और राज्य के वित्त सचिव प्रभात कुमार मिश्रा को अदालत की अवमानना का नोटिस जारी किया गया है। शुक्रवार को डीए मामले के याचिकाकर्ताओं ने यह नोटिस भेजा। लंबे समय तक चली सुनवाई के बाद 5 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को बकाया डीए का 25 प्रतिशत शीघ्र अदा करने का आदेश दिया था। शेष 75 प्रतिशत राशि कब और किस प्रकार चुकाई जाएगी, इस संबंध में निर्णय लेने के लिए अदालत के निर्देश पर एक समिति गठित की गई थी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गत वर्ष 16 मई को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर 25 प्रतिशत बकाया डीए का भुगतान करने का निर्देश दिया था। उस समयसीमा की अवधि 27 जून को समाप्त हो गई थी। हालांकि, राज्य सरकार ने अतिरिक्त छह महीने का समय मांगते हुए पुनः अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

# संसद में बजट सत्र का पहला चरण पूरा : लोकसभा-राज्यसभा नौ मार्च तक के लिए स्थगित



**नयी दिल्ली :** संसद में शुक्रवार को बजट सत्र का पहला चरण संपन्न हो गया तथा लोकसभा एवं राज्यसभा की बैठक को नौ मार्च के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा में आज केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल नहीं चल सका और सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद नौ मार्च सुबह 11 बजे के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे आरंभ हुई तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए और फिर 12 बजकर छह मिनट पर सभा की बैठक नौ मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, सुबह बैठक शुरू होते ही पीठासीन सभापति संध्या राय ने पूर्व सांसद डॉ. भगवान दास राठौड़ के निधन की सूचना सदन को दी और सदस्यों ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत पूर्व सदस्य को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जैसे ही पीठासीन सभापति ने प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य केंद्रीय मंत्री पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाने लगे और आसन के समीप आ गए। इस बीच कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने अपना पूरक प्रश्न पूछा जिसका जवाब स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शोर-शराबे के बीच ही किया। पीठासीन सभापति संध्या राय ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाकर बैठने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने बैठक पांच मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। लोकसभा में दो मार्च से राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। धन्यवाद प्रस्ताव और इसका समर्थन करने के लिए भाजपा के दो सदस्यों के भाषण के बाद जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपनी बात रखनी शुरू की तो उनकी एक टिप्पणी को लेकर सदन में हंगामा शुरू हो गया। हंगामे के कारण चर्चा नहीं हुई और न ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस पर जवाब हो सका। हालांकि लोकसभा में इस सप्ताह आम बजट पर चर्चा हुई और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को इसका जवाब दिया।

## राहुल के खिलाफ प्रस्ताव नहीं लाएगी सरकार, भाजपा सांसद ने दिया है नोटिस: रीजीजू

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने के लिए सरकार ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रस्ताव लाने की योजना छोड़ दी है क्योंकि भाजपा के एक सांसद ने इसी मुद्दे पर कांग्रेस नेता के खिलाफ एक विशिष्ट प्रस्ताव शुरू करने के लिए नोटिस दिया है। रीजीजू ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इस बारे में लोकसभा अध्यक्ष से सलाह ली जाएगी कि इस मामले को सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए, आचार समिति को भेजा जाए या सीधे लोकसभा में लाया जाए। उन्होंने कहा, अभी यह तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि चूंकि एक सदस्य ने निजी तौर पर प्रस्ताव के लिए पहले ही नोटिस दे दिया है, इसलिए सरकार अपना प्रस्ताव पेश करने से बचेगी।


**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


## विदेशी मुद्रा भंडार 6.7 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14.36 अरब डॉलर बढ़कर 723.77 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। केन्द्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.66 अरब डॉलर बढ़कर 570.05 अरब डॉलर हो गईं।




## पंजाब-हरियाणा के किसान ऋण दुश्चक्र में

गांधी जी अक्सर कहा करते थे कि भारत की आत्मा गांव और खेती किसानी में बसती है। लेकिन आजादी के बाद भी कृषि क्षेत्र की विसंगतियां व विरोधाभास अंतिम रूप से दूर नहीं हुए। भले ही किसान दमनकारी साहूकारों के चंगुल से किसी हद तक मुक्त हो गए हों, लेकिन धीरे-धीरे सरकारी, सहकारी और अन्य वित्तीय संस्थानों के कर्ज तले दबते चले गए। फिलहाल सकारात्मक पक्ष यह है कि केंद्र सरकार रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, डिजिटल तकनीकों से खेती के तौर-तरीकों में बदलाव और ऋण विस्तार को आसान बनाने के लिये प्रयत्नशील है। लेकिन नकारात्मक पक्ष यह है कि किसान कर्ज के दुश्चक्र में फंसता जा रहा है। यह कड़वी सच्चाई हाल रिपोर्ट से प्रकाश में आए आंकड़ों से उजागर हुई है। पिछले दिनों प्रकाशित रिपोर्ट में यह चिंताजनक तथ्य सामने आया है कि अनाज के भंडार के रूप से प्रसिद्ध राज्य पंजाब व हरियाणा के किसान देश के सबसे ज्यादा ऋणग्रस्त राज्यों में शुमार हैं। हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार पंजाब व हरियाणा में प्रति कृषि परिवार पर 2.03 लाख और 1.83 लाख रुपये का ऋण बकाया है। जो देश में सबसे ज्यादा ऋण लेने वाले राज्यों में तीसरा व चौथा स्थान बनता है। यह स्थिति तब है जब ऋण का यह राष्ट्रीय औसत 74, 121 रुपये है। केवल आंध्र प्रदेश और केरल में ही इससे अधिक ऋण का बोझ दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी ओर नागालैंड, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में कृषि ऋण नगण्य ही है। यह स्थिति भारतीय कृषि में गहरे संरचनात्मक असुंतलन को ही उजागर करती है। निस्संदेह, पंजाब और हरियाणा में किसान परिवारों पर भारी कर्ज कोई महज संयोग नहीं है। निर्विवाद रूप से पंजाब व हरियाणा ने देश में हरित क्रांति का नेतृत्व किया है। इन राज्यों ने समय की जरूरत के हिसाब से बहुउपयोगी कृषि को अपनाया है और भारत की खाद्य सुरक्षा की रीढ़ बने हैं। मगर विषम परिस्थितियों के चलते इसका अपेक्षित लाभ किसानों को नहीं मिल पाया।

लेकिन यह एक हकीकत है कि हाल के दशकों में खेती का यह मॉडल काफी दबाव में आ गया है। खेती-किसानी की लगातार बढ़ती लागत, स्थिर कृषि आय, छोटी और खंडित भू-जोत, अनियमित मानसून, खरीद प्रक्रिया में देरी और बढ़ते घरेलू खर्च ने ऋण पर निर्भरता का दुश्चक्र स्थापित कर दिया है। इसमें दो राय नहीं कि देश में संस्थागत ऋण की आसान उपलब्धता ने इन राज्यों में कृषि उत्पादकता को बढ़ावा दिया है। लेकिन यह भी एक कड़वी हकीकत है कि ऋण की सहज उपलब्धता ने किसानों के जीवनयापन के साधन के रूप में उधार लेने की प्रक्रिया को सामान्य स्थिति बना दिया है। किसान खेती-किसानी की जरूरतों से इतर भी बड़े पैमाने पर ऋण लेने लगे। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार दावा करती रही है कि वह किसानों के हितों को हमेशा ही प्राथमिकता देती रही है। किसानों के जीवन में बदलाव के लिये 84.8 करोड़ किसानों के लिये डिजिटल आईडी, भौगोलिक संदर्भ पर आधारित फसल सर्वेक्षण और सुव्यवस्थित प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से दक्षता और पारदर्शिता का वायदा किया जा रहा है। भारत के केंद्रीय बैंक आरबीआई द्वारा किसान क्रेटिड कार्ड योजना में प्रस्तावित सुधार-फसल चक्र के साथ ऋण की अवधि को संरेखित करना- इस बात का संकेत है कि ऋण को बदलती कृषि परिस्थितियों के अनुरूप विकसित किया जाना चाहिए। प्रौद्योगिकी और बेहतर ढंग से डिजाइन किए गए ऋण स्वागत योग्य कदम है। लेकिन ये प्रावधान अकेले ही गहरी जड़ें जमा चुके ऋण संकट की समस्या को दूर नहीं कर सकते हैं। यह कटु सत्य है कि यदि आय लागत के अनुरूप नहीं बढ़ती, यदि बदलते हालत में फसल विविधीकरण के प्रयास सिरे नहीं चढ़ते तथा देश में यदि जलवायु परिवर्तन का चक्र तेज होता है, तो ऋणों का दबाव बना रहेगा। अब चाहे ऋण कितनी भी कुशलता से संचालित किए जाएं। बहरहाल, ऐसे में केंद्र और राज्य सरकारों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे देश के अन्नदाता को ऋण संकट के गंभीर जाल से बाहर निकालने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास करें।

# अखिलेश बढ़ाएंगे पीडीए का दायरा, लक्ष्य 360 सीटें जीतना



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश की राजनीति में 2027 विधानसभा चुनावों का बिगुल बज चुका है और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति को और मजबूत करने में जुटे हैं। पार्टी का मुस्लिम वोट बैंक, जो कभी मुलायम सिंह यादव का सबसे मजबूत किला था, हाल के उपचुनावों में कमजोर पड़ा दिखा, जिसके बाद अखिलेश ने खुलकर मुस्लिम समुदाय को लक्षित करने वाली राजनीति शुरू कर दी है। 2024 के उपचुनावों में मुस्लिम बहुल सीटों पर मिली हार ने सपा को झकझोर दिया, जहां ओवैसी की एआईएमआईएम और कांग्रेस जैसे दल मुस्लिम वोटों में सेंध लगा रहे हैं। अखिलेश ने इसके जवाब में दूसरी पीढ़ी के युवा मुस्लिम नेताओं को आगे बढ़ाने का मेगा प्लान बनाया है। सलीम इकबाल शेरवानी को पश्चिमी यूपी और अताउर्रहमान को पूर्वांचल व रुहेलखंड में मुस्लिम मिशन की कमान सौंपी गई है, जो समाजवादी सद्भावना संवाद जैसे कार्यक्रमों के जरिए समुदाय से सीधा संवाद कर रहे हैं। रामपुर में आजम खान के परिवार से हालिया मुलाकात इसका जीता-जागता प्रमाण है, जहां अखिलेश ने मुस्लिम मतदाताओं की सियासी ताकत को फिर से एकजुट करने का संकल्प जताया।

सपा अब केवल मुस्लिम वोटों तक सीमित नहीं रहना चाहती। पार्टी की नजरें पीडीए समीकरण को व्यापक बनाने पर हैं, जिसमें यादव के अलावा अन्य पिछड़ी जातियां जैसे कुर्मी, मौर्य, जाट, गुर्जर, केवट, मल्लाह, राइथ, कोइरी, निषाद, बिंद, कश्यप और गहमरी जैसी जातियों पर केंद्रित हैं। दलित समाज में जाटव, पासी, रविदास, धोबी, कोरी, वाल्मीकि और अन्य उपजातियों को लुभाने के लिए छोटे-मझोले नेताओं को पार्टी में शामिल किया जा रहा है। ओबीसी वोटों को मजबूत करने के लिए सपा ने संगठन में बड़े बदलाव शुरू किए हैं, जहां निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर सक्रिय कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जिम्मेदारी दी जा रही है। अखिलेश का फोकस 360 से अधिक सीटें जीतने पर है, इसलिए टिकट वितरण में पीडीए समीकरण को प्राथमिकता मिलेगी। पार्टी प्रवक्ता अनुराग भदौरिया ने स्पष्ट कहा कि सपा सभी जातियों-धर्मों को साथ लेकर पीडीए को मजबूत करेगी।

उधर, पार्टी में बड़े मुस्लिम नेताओं को भी शामिल करने की चर्चा भी जोर पकड़ रही है। अखिलेश यादव नसीमुद्दीन सिद्दीकी जैसे पूर्व बसपा नेता को लुभा सकते हैं, जिनकी कांग्रेस में असंतोष की खबरें हैं। इसके अलावा इमरान मसूद जैसे कांग्रेस के मुस्लिम चेहरों पर नजर है, जिनकी राजनीति को सपा ने काटने की रणनीति अपनाई है। आजम खान के करीबी और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को फिर से सक्रिय करने की कोशिशें तेज हैं। सलीम शेरवानी और अताउर्रहमान जैसे मौजूदा नेता तो पहले से ही मिशन पर हैं, लेकिन पार्टी में और युवा मुस्लिम चेहरों को लाने की योजना है।

इसी तरह से पिछड़े और दलित समाज से भी कई नाम चर्चा में हैं। ओबीसी में पूर्व बीजेपी विधायक जैसे कुर्मी या मौर्य समुदाय के नाराज नेता सपा की हिट लिस्ट में हैं, जो सत्ताधारी दल से असंतुष्ट हैं। दलित पक्ष में बसपा से टूटे छोटे नेता जैसे जाटव या पासी समुदाय के प्रभावशाली चेहरे, जिनके इलाकों में समीकरण बदल रहे हैं, उन्हें जोड़ने की कोशिश हो रही है। सपा कोर कमेटी ऐसे नेताओं पर डोर डाल रही है जो बूथ स्तर पर वोटर मैनेज कर सकें। हालांकि, विशिष्ट नामों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में हरिशंकर तिवारी जैसे प्रभावशाली नेताओं के परिवार या बसपा के असंतुष्ट दलित चेहरों की चर्चा आम है।

वहीं 2027 चुनाव के लिए गठबंधन की रणनीति पर अखिलेश सबसे सतर्क हैं। सबसे मजबूत संभावना कांग्रेस के साथ है, लेकिन हालिया उपचुनावों में गठबंधन की असफलता के बाद यह सीमित सीटों तक रह सकता है। उधर, बसपा के साथ गठबंधन की चर्चा फिर से गरमाई हुई है, क्योंकि मायावती मुस्लिम वोट तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि, अखिलेश निर्दलीय लड़ने या छोटे दलों जैसे अपना दल (कमेरावादी), निषाद पार्टी या महान दल के साथ सीट बंटवारे पर विचार कर रहे हैं, ताकि पीडीए वोट बिखरे नहीं। जबकि ओवैसी की पार्टी को चुनौती देने के लिए सपा अकेले मुस्लिम बहुल सीटों पर फोकस करेगी। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अखिलेश मुलायम मॉडल अपनाकर मुस्लिम-यादव गठजोड़ को बचाएंगे, लेकिन ओबीसी-दलित विस्तार ही सत्ता की कुंजी है।

सपा का यह खुला खेल बीजेपी के लिए चुनौती है, जो हिंदुत्व कार्ड खेल रही है। लेकिन अखिलेश की सक्रियता से विपक्ष में हलचल तेज है। अगर मुस्लिम वोट बैंक सहेज लिया और पीडीए मजबूत हुआ, तो 2027 में यूपी की सत्ता का स्वरूप बदल सकता है। पार्टी अब वोटर लिस्ट अभियान चला रही है, खासकर मुस्लिम इलाकों में नाम जुड़वाने पर जोर है। अखिलेश की हालिया बैठकें और संगठनात्मक मंथन मुस्लिम नाराजगी दूर करने पर केंद्रित रहे हैं, जहां ओवैसी के बढ़ते जनाधार को चुनौती देने की रणनीति बनी। कुल मिलाकर, सपा 2027 के लिए आक्रामक मोड में है, जहां मुस्लिम राजनीति को खुलकर खेला जा रहा है, लेकिन पिछड़े-दलित वोटों का विस्तार ही असली दांव है। यह रणनीति सफल हुई तो अखिलेश यादव फिर से सीएम हाउस की दहलीज पर होंगे।

-वरिष्ठ पत्रकार

# भारत बांग्लादेश संबंध के नवीकरण का वक्त



डॉ घनश्याम बादल

बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर के रूप में मोहम्मद यूनुस और कुछ खास कर पाए हों या नहीं लेकिन एक काम तो उन्होंने कर ही दिया है कि बांग्लादेश को राजनीतिक उहापोह की स्थिति से निकालकर स्पष्ट जनादेश दिलवा दिया है।

12 फरवरी को हुए चुनावों के नतीजे सामने हैं और बांग्लादेश की जनता ने परिपक्व तरीके से ने केवल चुनाव में भारी संख्या में मतदान किया अपितु अपने देश को कट्टरपंथी राजनीतिक विचारधारा के हाथों में जाने से भी बचा लिया है।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्वर्गीय खालिदा जिया और जियाउर रहमान के बेटे 60 वर्षीय तारीक रहमान के नेतृत्व में 299 में से 213 सीट जीतकर वहां लगभग दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया है। जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी जमात ए इस्लामी को 74 सीट ही मिलीं हैं। आश्चर्यजनक रूप से छात्र आंदोलन के चेहरे बनाकर शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने वाले नाहिद इस्लाम की पार्टी एनसीपी को केवल दो सीट ही मिल पाई हैं और इसकी मुख्य वजह यही दिखती है कि उनका जमात ए इस्लामी के साथ गठबंधन का रणनीतिक निर्णय ग़लत रहा।

बांग्लादेश का ताज़ा चुनाव कोई सामान्य सत्ता-परिवर्तन नहीं, बल्कि एक पूरे राजनीतिक युग के अंत और नए शक्ति-संतुलन की शुरुआत समझ जाना चाहिए। यह चुनाव केवल संसद की सीटों का गणित नहीं है, बल्कि उस सामाजिक-राजनीतिक बेचैनी की परिणति है, जो वर्षों से सड़कों, विश्वविद्यालयों, श्रमिक बस्तियों और सीमावर्ती इलाकों में सुलग रही थी।

इस जनादेश ने साफ संकेत दिया है कि देश अब पुराने ढर्रे की राजनीति से आगे निकलना चाहता है लेकिन यह रास्ता लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर जाएगा या नए असंतुलन की ओर, यह अभी भी एक अनुत्तरित ज्वलंत सवाल है।

आंकड़ों की बात करें तो तस्वीर साफ है। संसद में स्पष्ट बहुमत एक ही राजनीतिक धारा के पक्ष में गया है। कुल सीटों का बड़ा हिस्सा एक ही बीएनपी के खाते में गया, जबकि विपक्षी ताकतें सीमित, बिखरी हुई और वैचारिक रूप से खंडित दिखाई देती हैं। मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत ऊँचा रहा, जो यह संकेत देता है कि जनता ने चुनाव को महज़ औपचारिकता नहीं माना, बल्कि उसे सत्ता-परिवर्तन का माध्यम समझा।

हालांकि यह भी सच है कि अवामी लीग की अनुपस्थिति से चुनावी मुकाबला असंतुलित रहा, लेकिन इसके बावजूद जनमत का संदेश दो-टूक है। पुरानी सत्ता संरचना से मोहभंग और नए विकल्प की तलाश।

यह जनादेश मूलतः तीन संदेश देता है। पहला, जनता सत्ता के केंद्रीकरण से ऊब चुकी थी। दूसरा, आर्थिक असमानता, बेरोज़गारी और संस्थागत भ्रष्टाचार के खिलाफ गुस्सा निर्णायक रूप में वोट में बदला। तीसरा, राजनीति में नैरेटिव बदला है, अब सिर्फ 'स्थिरता' नहीं, बल्कि 'न्याय और समान अवसर' की भाषा असर कर रही है। यही कारण है कि यह चुनाव भावनात्मक नहीं, बल्कि संरचनात्मक बदलाव का संकेत देता है।

ऐसा नहीं लगता कि तारीख रहमान के नेतृत्व में आने वाली सरकार सहजता से शासन कर पाएगी शपथ लेने के साथ ही उनकी असली चुनौती शुरू होती है। नया नेतृत्व जितना शक्तिशाली जनादेश लेकर आया है, उतनी ही बड़ी उसकी ज़िम्मेदारी है। लोकतंत्र में बहुमत ताकत नहीं, उत्तरदायित्व होता है। यदि यह सरकार संस्थाओं को मजबूत करती है, विपक्षी आवाज़ों को सम्मान देती है और चुनावी जीत को 'सहमति की राजनीति' में बदलती है, तो बांग्लादेश एक नई लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर बढ़ सकता है लेकिन यदि बहुमत 'वर्चस्व' में बदल गया, या फिर शेख हसीना की सरकार की तरह शक्तियों का केंद्रीकरण किया जाने लगा तो वही चक्र दोहराया जाएगा, जिससे बांग्लादेश बाहर निकला है।

बांग्लादेश के राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक मोर्चे की तस्वीर उतनी चमकदार नहीं है,

### लोकतंत्र की जीत के निहितार्थ

जितनी राजनीतिक मंच से दिखाई जाती है। विकास दर के दावों के बावजूद ज़मीनी सच्चाई बेरोज़गारी, महँगाई, विदेशी मुद्रा दबाव और असमान विकास की है। शहरी केंद्रों में समृद्धि का भ्रम है, लेकिन ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों में आर्थिक हाशियाकरण अब भी गहरा है। नया शासन अगर सिर्फ मैक्रो-इकोनॉमिक आँकड़ों में उलझा रहा और रोजगार-केंद्रित विकास मॉडल नहीं अपनाया, तो सामाजिक असंतोष जल्द ही राजनीतिक संकट में बदल सकता है।

रही बात भारत-बांग्लादेश संबंधों की तो पिछले दशक में यह रिश्ता 'रणनीतिक साझेदारी' से 'रणनीतिक निर्भरता' की ओर बढ़ा था। ऊर्जा, ट्रांज़िट, व्यापार, सीमा-सुरक्षा के स्तर पर भारत की भूमिका निर्णायक रही लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही इस रिश्ते की भाषा बदलेगी। हो सकता है कि नया शासन भारत को सहयोगी तो माने, लेकिन एकमात्र रणनीतिक विकल्प नहीं। यह फर्क सूक्ष्म है, पर निर्णायक। भारत अब 'स्वाभाविक साथी' रहेगा, पर 'विशेषाधिकार प्राप्त साझेदार' कि उसकी भूमिका बदलती दिखाई दे रही है।

यह बदलाव सीधे दक्षिण एशिया की जियो-पॉलिटिक्स को प्रभावित करेगा। बांग्लादेश का झुकाव बहु-ध्रुवीय विदेश नीति की ओर होगा,जहाँ भारत, चीन, खाड़ी देश, दक्षिण-पूर्व एशिया सभी समानांतर विकल्प होंगे। इसका अर्थ है कि भारत का क्षेत्रीय वर्चस्व नैरेटिव कमजोर हो सकता है और प्रतिस्पर्धात्मक कूटनीति का युग शुरू होने जा रहा है। यह केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि भू-आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी होगी-बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स, निवेश और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के स्तर पर।

दक्षिण एशिया की राजनीति में इस चुनाव परिणाम का व्यापक असर पड़ेगा। नेपाल, श्रीलंका और मालदीव जैसे देशों में पहले से ही संतुलन-नीति चल रही है। अब बांग्लादेश का जुड़ना इस क्षेत्र को एक ऐसे मोड़ पर ले जाएगा, जहाँ भारत को नेतृत्व 'स्वाभाविक' नहीं, बल्कि 'अर्जित' करना होगा। यानी सहयोग विश्वास से बनेगा, दबाव से नहीं।

**और अब सवाल कि ऐसे में भारत क्या करे?**

भारत के लिए यह क्षण आत्ममंथन का है। पड़ोस-नीति को सुरक्षा-केंद्रित चश्मे से देखने का समय अब खत्म हो रहा है। भारत को बांग्लादेश को रणनीतिक फ्रंटलाइन नहीं, बल्कि समान साझेदार के रूप में देखना होगा। भारत को अब शेख हसीना के समय में उपजे व्यक्तिवाद के समर्थन की रणनीति के बजाय कूटनीति का लोकतंत्रीकरण कर, आगे बढ़कर संबंधों का नवीकरण करना होगा । शिक्षा, संस्कृति, युवा, मीडिया और नागरिक संवाद के स्तर पर निवेश बढ़ाना होगा। आर्थिक सहयोग का नया मॉडल,सिर्फ परियोजनाएँ नहीं, बल्कि स्थानीय रोजगार-केंद्रित निवेश बनाना होगा और भाषा में संयम लाना पड़ेगा । भारत एवं बांग्लादेश दोनों देशों की सरकारों को समझना होगा कि हर मुद्दे को सुरक्षा समस्या बनाना रिश्तों को खोखला करता है। बहु-पक्षीय मंचों पर सक्रियता बिम्सटेक, क्षेत्रीय व्यापार मंचों और समुद्री सहयोग ढाँचों में नेतृत्व संभालना है तो व्यावहारिक बना होगा और नई सरकार को समर्थन देते हुए शेख हसीना के मुद्दे को भी सुलझाना होगा।

दो-टूक सच यह है कि भारत यदि बांग्लादेश को प्रभाव-क्षेत्र की तरह देखेगा, तो वह उसे धीरे-धीरे खो देगा। और यदि उसे साझा भविष्य का भागीदार मानेगा, तो यह रिश्ता और गहरा होगा।

बांग्लादेश के चुनाव ने एक नई कहानी की शुरुआत की है। यह कहानी लोकतंत्र की मजबूती की भी हो सकती है और नए असंतुलन की भी। फर्क सिर्फ इस बात से पड़ेगा कि सत्ता अपने बहुमत को कैसे समझती है, शक्ति के रूप में या जिम्मेदारी के रूप में। और भारत इस बदलाव को खतरे की तरह देखता है या अवसर की तरह।

इतिहास गवाह है-जो देश पड़ोस में लोकतंत्र को अवसर मानते हैं, वे स्थिर रहते हैं; जो उसे ख़तरा मानते हैं, वे अस्थिर होते हैं। बांग्लादेश ने अपना रास्ता चुन लिया है। अब भारत की बारी है कि वह अपनी राह चुने और एक-एक कर उसे दूर होते पड़ोसियों को चीन या पाकिस्तान की गोद में बैठने से बचाए।

-लेखक राजनीतिक समीक्षक एवं स्तंभकार हैं

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 14 फरवरी, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन कृष्णपक्ष द्वादशी, 15:58 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 18:05 तक, योग : सिद्धि, 27:11 तक, सूर्योदय: 06:10, सूर्यास्त: 17:32, चन्द्रोदय : 03:50, चन्द्रास्त: 14:36, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 09:01 से 10:26

## राशिफल

**मेष :** खान-पान का विशेष ध्यान नियंत्रण रखें। सायंकाल से लेकर रात्रि का समय प्रियजनों के दर्शन हास्य परिहास में व्यतीत होगा। रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा।

**वृष :** आज का दिन पारिवारिक जनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

**मिथुन :** इष्टदेव के आशीर्वाद तथा कुल देवी की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें।

**कर्क :** राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का मिथुन राशिस्थ होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा।

**सिंह :** आपको दूसरों की मदद करने से सुकून मिलता है इसलिए आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं।

**कन्या :** राशि का स्वामी बुध मकर में पंचम मंगल के साथ एक राशि में सूर्य-शुक्र कर रहे हैं। फलस्वरूप वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा।

**तुला :** आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि का योग है। आय के नए स्रोत बनेंगे। वाक् पटुता आपको विशेष सम्मान दिलायेगी। देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद रहेगी।

**वृश्चिक :** आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन सम्मान यश कीर्ति की वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा। इस दौरान प्रियजनों से भेंट होगी। सैर सपाटे मौज मस्ती का अवसर प्राप्त होगा।

**धनु :** आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी सम्बन्धी के कारण तनाव बढ़ सकता है।

**मकर :** आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

**कुम्भ :** राशि स्वामी शनि की मार्गी स्थिति के कारण भ्राता को अकस्मात् शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। सायंकाल के समय माता के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा।

**मीन :** वैवाहिक जीवन आनन्द दायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनेस में बढ़ती प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी। मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा।

## विदेश की खबरें

### नेपाल के पूर्व राजा के हवाई अड्डे पर पहुंचने पर समर्थकों ने राजशाही की बहाली की मांग की

**काठमांडू :** नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह के कड़ी सुरक्षा के बीच शुक्रवार को यहां पहुंचने पर सैकड़ों समर्थक हवाई अड्डे पर जमा हो गए और राजशाही की बहाली की मांग की। पूर्व नरेश के काठमांडू हवाई अड्डे पर उतरते ही उनके समर्थकों ने तख्तियां लिए हुए नारे लगाए हम अपने राष्ट्र को बचाने के लिए राजा ज्ञानेंद्र को वापस चाहते हैं। काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय द्वारा त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्र में पांच से अधिक लोगों के जमावड़े पर प्रतिबंध लगाने वाले निषेधाज्ञा आदेशों के बावजूद पूर्व नरेश के समर्थक हवाई अड्डे पर जमा हो गए। नेपाल ने 2008 में राजशाही को समाप्त कर दिया था, लेकिन आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता के बीच पिछले साल राजशाही समर्थक प्रदर्शन फिर से शुरू हो गए। हवाई अड्डे के आसपास के इलाके में भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। राजतंत्र समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के कार्यकर्ता, जिनका नेतृत्व वरिष्ठ नेता कमल थापा कर रहे हैं, और नवराज सुबेदी और चिकित्सा पेशेवर दुर्गा प्रसाई के नेतृत्व में विभिन्न अन्य समर्थक समूह शुक्रवार सुबह से ही हवाई अड्डे के क्षेत्र में जमा हो गए थे।

### बीएनपी ने शेख हसीना के भारत से प्रत्यर्पण पर जोर दिया

**ढाका :** बांग्लादेश के आम चुनावों में शानदार जीत हासिल करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मुकदमा चलाने के लिए उनके भारत से प्रत्यर्पण की अपनी मांग दोहराई है। बीएनपी के वरिष्ठ नेता सलाहुद्दीन अहमद ने कहा, 'विदेश मंत्री पहले ही उनके प्रत्यर्पण के पक्ष में तर्क दे चुके हैं, और हम भी इसका समर्थन करते हैं।' उन्होंने कहा, 'हमनें हमेशा ही कानून के अनुसार उनके प्रत्यर्पण पर जोर दिया है। यह दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों का मामला है। हमने भारत सरकार से भी उन्हें बांग्लादेश वापस भेजने का आग्रह किया है ताकि वह वहां मुकदमे का सामना करें।' अहमद ने इस बात पर जोर दिया कि भारत समेत सभी पड़ोसी देशों के साथ बांग्लादेश सामान्य संबंध चाहता है, लेकिन केवल बराबरी के आधार पर। उन्होंने कहा, 'हमें भारत समेत सभी देशों के साथ परस्पर सम्मान और समानता पर आधारित मैत्रीपूर्ण संबंध चाहिए।'' उनकी यह टिप्पणी बृहस्पतिवार को हुए आम चुनावों में बीएनपी की शानदार जीत के तुरंत बाद आई। अगस्त 2024 में हुए जन विद्रोह के बाद यह पहला चुनाव है। इस विद्रोह के चलते हसीना को बांग्लादेश से भारत आने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

## वर्ग पहेली नं. 3351

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | ■ | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | ■ | |
| 24 | | ■ | 25 | 26 | | ■ | 27 | | |
| | ■ | 28 | | | ■ | 29 | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 2) पचास प्रतिशत, 4) ख़ानाबदोश, 7) जमावड़ा, 9) तृतीय, 10) फ़ुरसत, 11) एक जगप्रसिद्ध यातायाती समुद्री नहर, 13) भुजंगभोजी, 14) मौलिक; आधारभूत, 16) लवण, 18) अनखिला फूल, 19) प्रभाव, 20) आधार, 22) तसल्ली, 23) पकड़ना, 24) प्राणप्रिय, 25) मोहक स्त्री, 27) थोड़ा, 28) ठीक नहीं, 29) बेगम.

*ऊपर से नीचे:-* 1) मृत्यु, 2) वर्तमान दिन, 3) तीर्थस्थान, 4) टाँग के बीच का जोड़, 5) बाँसुरी जैसा एक बाजा, 6) नागराज; इंद्र का वाहन, 8) घोटाला, 12) ऐरा ग़ैरा, 13) सज्जन, 15) ओझा, 17) स्वेच्छाचार, 18) कमर का एक गहना, 19) अमूल्य, 20) परंपरानिष्ठ, 21) शासक, 22) सिंगारना, 26) भलाई.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | ■ | बे | ह | ■ | का | ट | ना | ■ | अ |
| र्य | ■ | स | ज | ध | ज | ■ | मी | च | ना |
| वे | त | न | ■ | व | ल | य | ■ | ■ | हू |
| क्ष | ■ | ■ | क | ल | ■ | शो | ह | र | त |
| क | ट | घ | रा | ■ | अं | ध | ■ | ■ | ■ |
| ■ | प | ■ | मा | त्रा | ■ | रा | स | ली | ला |
| श | रा | र | त | ■ | धू | ■ | मी | ■ | मि |
| बा | ■ | ई | ■ | अ | प | रो | क्ष | ■ | सा |
| ब | ■ | स | त | र्क | ■ | ■ | क | मा | ल |

## सुडोकू-पहेली-3309

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 5 | | 2 | 4 | | 6 |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 3 |
| | | 6 | | | | | | |
| | 8 | 2 | | | 4 | | | |
| 4 | | | 1 | 5 | | | 8 | |
| 8 | | 7 | | | | 9 | | |
| 9 | 6 | | 3 | | | | | 4 |
| | | | | | | 3 | 5 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3308 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 6 | 5 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 9 | 2 | 1 | 6 | 5 | 8 |
| 1 | 9 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 | 3 |

# बंगाल एसआईआर: राज्य सरकार की सूची में शामिल 500 अधिकारी पहले से एईआरओ के रूप में कार्यरत

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बीच भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने राज्य सरकार द्वारा भेजी गई 8,505 ग्रुप-बी अधिकारियों की सूची पर आपत्ति जताई है। आयोग ने पाया है कि सूची में शामिल लगभग 500 अधिकारी पहले से ही सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) के रूप में कार्यरत हैं।



पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) कार्यालय के एक वरिष्ठ सूत्र के अनुसार, राज्य सरकार से 8,505 ग्रुप-बी अधिकारियों के नाम इसलिए मांगे गए थे ताकि उन्हें मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में माइक्रो-ऑब्जर्वर के रूप में तैनात किया जा सके। हालांकि, सूची में शामिल 500 अधिकारी पहले से एईआरओ के रूप में काम कर रहे हैं, ऐसे में उन्हें माइक्रो-ऑब्जर्वर के रूप में नियुक्त करने का कोई तर्क नहीं बनता। सूत्र ने बताया कि माइक्रो-ऑब्जर्वर और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ)/एईआरओ की जिम्मेदारियां और कार्य-प्रकृति अलग-अलग होती हैं।

सीईओ कार्यालय के सूत्र ने यह भी बताया कि एसआईआर से संबंधित सुनवाई सत्रों की समय-सीमा शनिवार को समाप्त हो रही है, लेकिन आयोग को अब तक इन 8,505 अधिकारियों का विस्तृत पृष्ठभूमि विवरण, जैसे कि वर्तमान वेतनमान और संबंधित विभागीय जानकारी, राज्य सरकार या संबंधित विभागों से प्राप्त नहीं हुआ है।

आयोग ने इन अधिकारियों के बारे में विस्तृत जानकारी इसलिए मांगी थी क्योंकि सीईओ कार्यालय को यह सूचना मिली थी कि सूची में शामिल सभी 8,505 अधिकारी ग्रुप-बी श्रेणी के हैं। सूत्रों के अनुसार, सूची में एक सेवानिवृत्त राज्य सरकारी अधिकारी का नाम भी शामिल किए जाने की जानकारी सामने आई है।

इस मुद्दे पर पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में केवल उन्हीं अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम शामिल किए गए हैं, जो सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के करीबी माने जाते हैं।

अधिकारी ने कहा, यह सत्तारूढ़ दल द्वारा पर्दे के पीछे से प्रभाव डालकर चुनाव में गड़बड़ी करने की साजिश प्रतीत होती है। जब पारदर्शिता नहीं है और कथित रूप से करीबी लोगों को तैनात किया जा रहा है, तो प्रक्रिया पर भरोसा कैसे किया जा सकता है? मैंने निर्वाचन आयोग से मामले की जांच कर आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है।

मामले को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और अब आयोग की अगली कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

## बकाया पैसा न चुकाने का मतलब क्रिमिनल केस नहीं है : हाईकोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि व्यापारिक लेन-देन में शर्तों के अनुसार बकाया पैसा न चुकाना स्वतः फौजदारी धोखाधड़ी का मामला नहीं बनता। न्यायमूर्ति अजयकुमार गुप्ता ने अपने आदेश में कहा कि बकाया वसूलने के लिए फौजदारी कानून का दुरुपयोग नहीं किया जा सकता। फैसले के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति केवल बकाया राशि नहीं चुका रहा है, तो इसे जानबूझकर धोखाधड़ी या विश्वासघात मानना गलत होगा। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों को मूल रूप से दीवानी (सिविल) प्रकृति का मामला माना जाना चाहिए।

यह फैसला आरामबाग के मुर्गी आहार व्यवसायी प्रद्योत सामंत द्वारा अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कराने की याचिका पर आया। अदालत ने पाया कि लेन-देन की शुरुआत में धोखाधड़ी का कोई



प्रमाण नहीं था। दोनों पक्षों के बीच लंबा व्यापारिक संबंध था और नकद, चेक और बैंक ट्रांसफर के माध्यम से नियमित लेन-देन होता रहा।

दस्तावेजों के अनुसार, अप्रैल 2013 से मार्च 2014 तक लेन-देन की कुल राशि 1 करोड़ रुपये से अधिक थी, जिसमें 75 लाख रुपये से अधिक शिकायतकर्ता द्वारा चुका दिए गए। जुलाई 2016 तक यह व्यापारिक लेन-देन जारी रहा। मामले में दावा था कि लगभग 40 लाख रुपये एक वर्ष से अधिक समय तक बकाया रहे, जिसके आधार पर आरामबाग थाने में फौजदारी मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने चार्जशीट पेश की।

कोर्ट ने इस तर्क को मान्यता दी कि यह मामला पूरी तरह व्यक्तिगत और व्यापारिक लेन-देन से संबंधित था। यदि बकाया है, तो उसका समाधान दीवानी प्रक्रिया से होना चाहिए, न कि फौजदारी कार्रवाई से। कोर्ट ने एफआईआर और आरामबाग में चल रहे फौजदारी मामले को रद्द कर दिया।

अधिकांश वकीलों का मानना है कि हाईकोर्ट का यह फैसला भविष्य में सिविल मामलों को फौजदारी दिखाकर दर्ज करने की प्रवृत्ति को रोकने में महत्वपूर्ण उदाहरण बनेगा। उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसे मामलों में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाकर फौजदारी केस दर्ज किया जाता है, जिससे दोनों पक्ष परेशान होते हैं और वास्तविक फौजदारी मामलों की सुनवाई में देरी होती है।

## कोयला तस्करी मामले में इडी ने पुलिस अधिकारी को समन भेजा

**आसनसोल :** कोयला तस्करी जांच में केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने पुलिस अधिकारी मनोरंजन मंडल को एक बार फिर पूछताछ के लिए बुलाया है।

इडी ने मनोरंजन मंडल को शुक्रवार को साल्टलेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में हाजिर होने के लिए समन भेजा है। इससे पहले सोमवार को भी उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन उस दिन वे उपस्थित नहीं हुए थे। उनकी अनुपस्थिति के कारण एजेंसी ने दोबारा समन जारी किया है। उल्लेखनीय है कि जांच के दौरान मनोरंजन मंडल का नाम तस्करी के समय 'प्रोटेक्शन मनी' के बड़े लेन-देन से जोड़ा गया है। आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के बुदबुद थाना प्रभारी के पद से हटाकर उन्हें स्पेशल ब्रांच (एसबी) में भेज दिया गया था, ऐसे ही संदर्भ में इडी भी गहनता से मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रहा हैं।

मनोरंजन मंडल के अलावा इडी ने दुर्गापुर सेपको टाउनशिप के व्यवसायी प्रबीर दत्त को भी तस्करी से जुड़ी वित्तीय लेन-देन के संबंध में पूछताछ के लिए समन भेजा है। जांच अधिकारी यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि कोयला तस्करी से प्राप्त अवैध धन के लेन-देन में उनका कनेक्शन की जांच की जा रही है। ईडी सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी है कि यह मामला बेहद जटिल है और कोयला तस्करी के अवैध जाल को सुलझाने के लिए अब अंतिम कड़ियाँ जोड़ी जा रही हैं। सम्भवतः मनोरंजन और व्यवसायी प्रवीर दत्त से आमने-सामने पूछताछ की जाएगी, ताकि पूरी सच्चाई सामने आ सके।

## होली स्पेशल ट्रेनों का तोहफा: पूर्व रेलवे की चार स्पेशल ट्रेनें, 18,400 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा होली के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलायी जाती है। इसके तहत, चार अलग-अलग रूट में होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, जिससे कुल 18,400 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध कराई जाएंगी। यह स्पेशल ट्रेनें सियालदह-गोरखपुर, आसनसोल-गोरखपुर तथा मालदह टाउन-आनंद विहार के बीच संचालित होंगी।

03131 सियालदह-गोरखपुर होली स्पेशल 26 फरवरी, 02 मार्च एवं 05 मार्च को रात 23:50 बजे सियालदह से चलेगी और अगले दिन 18:00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में 03132 गोरखपुर-सियालदह होली स्पेशल 27 फरवरी, 03 मार्च एवं 06 मार्च को रात 21:00 बजे गोरखपुर से चलकर अगले दिन 16:20 बजे सियालदह पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, बरौनी, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सिवान और देवरिया सदर स्टेशनों पर रुकेगी।

वहीं, आसनसोल-गोरखपुर होली स्पेशल (पहली जोड़ी), 03525 आसनसोल-गोरखपुर होली स्पेशल 28 फरवरी एवं 02 मार्च को शाम 19:15 बजे आसनसोल से प्रस्थान कर अगले दिन 09:15 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में 03526 गोरखपुर-आसनसोल होली स्पेशल 01 मार्च एवं 03 मार्च को दोपहर 12:15 बजे गोरखपुर से चलकर अगले दिन 04:30 बजे आसनसोल पहुंचेगी। आसनसोल-गोरखपुर होली स्पेशल (दूसरी जोड़ी), 03527 आसनसोल-गोरखपुर होली स्पेशल 01 मार्च को दोपहर 13:20 बजे आसनसोल से प्रस्थान कर अगले दिन 03:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में 03528 गोरखपुर-आसनसोल होली स्पेशल 02 मार्च को प्रातः 06:30 बजे गोरखपुर से प्रस्थान कर उसी दिन 21:00 बजे आसनसोल पहुंचेगी। इन ट्रेनों का चित्तरंजन, जामताड़ा, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, बरौनी, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सिवान, भटनी और देवरिया सदर स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। इसके अलावा, 03435 मालदह टाउन-आनंद विहार होली स्पेशल 02 मार्च, 09 मार्च एवं 16 मार्च को प्रातः 09:30 बजे मालदह टाउन से प्रस्थान कर अगले दिन 13:40 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में 03436 आनंद विहार-मालदह टाउन होली स्पेशल 03 मार्च, 10 मार्च एवं 17 मार्च को 15:35 बजे आनंद विहार से चलकर अगले दिन 22:30 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी। यह ट्रेन न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, पीरपैंती, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर, किऊल, शेखपुरा, नवादा, तिलैया, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज, गोविंदपुरी और टुंडला स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।

## मुर्शिदाबाद में एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, दो अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने विश्वसनीय स्रोतों से मिली सूचना और तकनीकी इनपुट के आधार पर मुर्शिदाबाद जिले में देर रात छापेमारी कर दो लोगों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एसटीएफ के एसपी इंद्रजीत सरकार ने शुक्रवार दोपहर जानकारी दी।

एसपी ने बताया कि एसटीएफ की टीम ने बीती रात मुर्शिदाबाद जिले के विभिन्न इलाकों में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान मोहम्मद शमसाद अली उर्फ कालू और (2) राजेश शेख के रूप में हुई है। दोनों मुर्शिदाबाद के रहने वाले हैं।

छापेमारी के दौरान आरोपितों के पास से 7.65 एमएम के दो आग्नेयास्त्र, चार मैगजीन तथा छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए। बरामद सभी हथियार और गोलियां जब्त कर ली गई हैं।

इस मामले में एसटीएफ पश्चिम बंगाल मुख्यालय थाने में आरोपितों के खिलाफ विशिष्ट मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को जिला न्यायालय में पेश किया गया, जहां अदालत ने दोनों को सात दिनों की पुलिस हिरासत (पीसी) में भेजने की अनुमति दी है।

एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार, आरोपितों से पूछताछ के दौरान हथियारों की आपूर्ति नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। मामले की आगे की जांच जारी है।

## बांग्लादेश में बीएनपी की जीत स्पष्ट होते ही बोले दिलीप घोष, 'भारत से बेहतर होगा संबंध'

**कोलकाता :** बांग्लादेश के आम चुनाव के नतीजों पर भारत की नजर टिकी हुई थी। मतगणना के अंतिम चरण में यह लगभग साफ हो गया है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। 299 सदस्यीय संसद में बहुमत का आंकड़ा पार करते ही सत्ता परिवर्तन तय माना जा रहा है। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने उम्मीद जताई है कि अब पड़ोसी देश में शांति बहाल होने के साथ ही भारत के साथ संबंध बेहतर होगा।



नतीजे सामने आते ही भाजपा नेता दिलीप घोष ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि बीएनपी के नेतृत्व में बांग्लादेश में शांति और स्थिरता लौटेगी तथा भारत-बांग्लादेश संबंध और मजबूत होंगे। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के मुद्दे को लेकर पश्चिम बंगाल भाजपा लगातार मुखर रही थी। उस दौरान दिलीप घोष ने बांग्लादेशी उत्पादों के बहिष्कार की अपील भी की थी, जबकि राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी कई घटनाओं पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी।

शुक्रवार को दिलीप घोष ने कहा कि अच्छी बात है बांग्लादेश के लोगों ने अपने लिए नई सरकार चुन ली है। सरकार में चाहे जो भी हो, हमारा पड़ोसी देश है और स्थाई सरकार होने से देश में शांति की उम्मीद की जाती है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ भी संबंध बेहतर होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी होती है देश के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा करना और नई सरकार गठन हो रही है तो वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी होगी।



**विकास की 15 वर्ष की गौरवगाथा को समेटे उन्नयन पांचाली की प्रति मंत्री सुजीत बोस द्वारा पैटन ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजय बुधिया को भेंट की गई। यह संकलन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल की विकास यात्रा, उपलब्धियों और जनभागीदारी का प्रतिबिंब प्रस्तुत करता है।**

## साल्टलेक में बहुमंजिला इमारत में भीषण आग, धुएं से महिला कर्मचारी बीमार

**कोलकाता :** कोलकाता के साल्टलेक सेक्टर- 5 में एक आइटी कंपनी की बहुमंजिला इमारत में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। इस दौरान लिफ्ट में फंसने और धुएं के चलते एक महिला आइटी कर्मचारी बीमार पड़ गईं। पुलिस ने बताया कि दमकल की तीन गाड़ियों की मदद से आग पर कुछ ही देर में काबू पा लिया गया। आग लगने के सही कारणों का अभी पता नहीं चला है। पता चला है कि आग दोपहर करीब तीन बजे बहुमंजिला इमारत के रेस्टोरेंट में लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग तेजी से फैली और कुछ ही पलों में पूरी इमारत काले धुएं से ढक गया। लिफ्ट में फंसने के बाद एक महिला कर्मचारी बीमार पड़ गई। उसे स्थानीय अस्पताल ले



जाया गया।

आग की खबर मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इस इमारत में कई कंपनियों के कार्यालय हैं। दमकल कर्मियों ने हालांकि काफी कोशिशों से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। आग लगने के बाद बहुमंजिला इमारत को खाली करा लिया गया। अभी यह साफ नहीं है कि रेस्टोरेंट में आग कैसे लगी। पुलिस व दमकल विभाग ने घटना की जांच शुरू कर दी है। इस बात की जांच की जा रही है कि इस बहुमंजिला इमारत का फायर एक्सटिंग्विशिंग सिस्टम ठीक था या नहीं।

### आरबीआई ने संजय अग्रवाल को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी एवं सीईओ पद पर पुनर्नियुक्ति को दी मंजूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने संजय अग्रवाल (डीआईएन: 00009526) को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद पर तीन वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति की मंजूरी दी है। यह नियुक्ति 19 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। इससे पहले बैंक के निदेशक मंडल ने 17 अक्टूबर 2025 को तथा शेयरधारकों ने 26 दिसंबर 2025 को उनकी पुनर्नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की थी, जो आरबीआई की अनुमति के अधीन थी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के चेयरमैन हारुन आर खान ने कहा कि यह मंजूरी बैंक के सुशासन, नेतृत्व की स्थिरता और दीर्घकालिक दिशा की पुष्टि करती है। वहीं, संजय अग्रवाल ने पुनर्नियुक्ति पर आरबीआई के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे बैंक की कार्य संस्कृति और दीर्घकालिक दृष्टि में विश्वास का प्रतीक बताया।

## रैलियों पर रोक को लेकर हाई कोर्ट सख्त, बातचीत से निकालें समाधान

❑ **जज ने कहा, राज्य सरकार और याचिकाकर्ता ऐसे मामलों में अनावश्यक रूप से अदालत का समय नष्ट करने के बजाय आपसी संवाद से समाधान तलाशे।**

**कोलकाता :** बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हैं। इसी बीच पुलिस द्वारा रैली, सभा और जुलूस की अनुमति नहीं देने के आरोपों से जुड़े मामलों पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है।विधाननगर में प्रस्तावित एक जुलूस से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति हिरण्यमय भट्टाचार्य ने राज्य सरकार और याचिकाकर्ताओं को सलाह दी कि ऐसे मामलों में अनावश्यक रूप से अदालत का समय नष्ट करने के बजाय आपसी संवाद से समाधान तलाशा जाए।

अदालत ने कहा कि पुलिस और आयोजक थाने में बैठकर वैकल्पिक तिथि, स्थान और रूट तय कर सकते हैं। विरोध-प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और इसे रोका नहीं जा सकता, लेकिन यह भी सुनिश्चित होना चाहिए कि आम लोगों को असुविधा न हो। न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया कि हाल के दिनों में त्योहार, परीक्षा या स्थानीय कारणों का हवाला देकर कई मामलों में अनुमति नहीं दी जा रही है, जिसके चलते आयोजकों को बार-बार अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। न्यायमूर्ति ने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस तरह के विवादों में पहले प्रशासनिक स्तर पर सहमति बनाने का प्रयास होना चाहिए, ताकि न्यायालय पर अनावश्यक दबाव न बढ़े।

## कैंसर की वैकल्पिक चिकित्सा के विशेषज्ञ को अदालत से राहत, सभी आरोपों से बरी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की एक अदालत ने कैंसर की वैकल्पिक चिकित्सा के विशेषज्ञ अरदीप चटर्जी को उनके पेशे से जुड़े कथित झूठे दावों के मामले में सभी आरोपों से बरी कर दिया है। अदालत के इस फैसले के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) से संबंधित विशेष अदालत ने भी उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों से मुक्त कर दिया।

अरदीप चटर्जी को जून 2017 में इस आरोप में गिरफ्तार किया गया था कि वह कैंसर मरीजों का इलाज कर अवैध रूप से धन अर्जित कर रहे थे। उनके खिलाफ प्रतिरूपण कर धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश और उकसावे सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। अगस्त 2017 में उनके पिता, होम्योपैथिक चिकित्सक असीम कुमार चटर्जी को भी कथित रूप से सहयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

राज्य पुलिस द्वारा दायर आरोपपत्रों के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2017 में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। इसके बाद उनकी संपत्तियां और बैंक खाते अटैच कर दिए गए थे तथा बिचार भवन स्थित विशेष ईडी अदालत में पीएमएलए की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोजन शिकायत दायर की गई थी। अरदीप को जनवरी 2018 में जमानत मिल गई थी, जबकि उनके पिता को भी बाद में सक्षम अदालत से जमानत प्राप्त हुई।

मामले की सुनवाई के दौरान बारासात स्थित फास्ट ट्रैक-1 अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि अभियोजन पक्ष न्यूनतम संदेह से परे आरोप साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि अभियोजन अपना मामला सिद्ध नहीं कर पाया है, अतः आरोपितों को बरी किए जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

इसके बाद कोलकाता के बिचार भवन स्थित विशेष ईडी अदालत ने भी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दोनों को आरोपमुक्त कर दिया। विशेष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि जब मूल आपराधिक मामले में सक्षम अदालत द्वारा आरोपितों को बरी कर दिया गया है, तो प्रस्तावित आरोप निराधार प्रतीत होते हैं।

अरदीप चटर्जी के वकीलों के अनुसार, ईडी और पुलिस द्वारा अपराध की आय बताकर अटैच की गई उनकी बचत राशि भी ब्याज सहित वापस कर दी गई है।

फैसले के बाद अरदीप चटर्जी ने न्यायपालिका पर विश्वास जताते हुए कहा कि यह निर्णय साबित करता है कि उन्होंने देश के सभी कानूनों का पालन किया। उन्होंने कहा कि यह उनके देश के मजबूत और प्रगतिशील संविधान की जीत है, जो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है और न्याय सुनिश्चित करता है।

## पूर्व रेलवे का तीन महीनों में शानदार प्रदर्शन, राजस्व बढ़ा और खर्च घटा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज करते हुए आय में उल्लेखनीय वृद्धि और खर्च में कमी हासिल की है। पिछले तीन महीनों के आंकड़े रेलवे की राजस्व विविधीकरण और वित्तीय अनुशासन की रणनीति को सफल साबित करते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में यात्री राजस्व में 18.65 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 984.81 करोड़ से बढ़कर 1,061.65 करोड़ पहुंच गया। वहीं, ओरिजिनेटिंग यात्री यातायात में 2.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो 342.07 मिलियन तक पहुंच गया।

गैर-भाड़ा आय बढ़ाने की पहल का भी सकारात्मक असर दिखा है। स्टेशन विज्ञापन, भूमि लीज और अन्य सहायक स्रोतों से प्राप्त 'संड्री रेवेन्यू' में 110.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 66.14 करोड़ से बढ़कर 139.36 करोड़ हो गया। वाणिज्य विभाग की सख्त टिकट जांच मुहिम से आय में 25.69 प्रतिशत की वृद्धि हुई और 24.95 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। माल ढुलाई क्षेत्र में रेलवे ने 23.14 मिलियन टन लोडिंग दर्ज कर स्थिर प्रदर्शन बनाए रखा। साथ ही साधारण कार्य व्यय (ओडबल्यूई) में 11.44 प्रतिशत की कमी कर परिचालन दक्षता का उदाहरण प्रस्तुत किया। इससे परिचालन अनुपात में सुधार हुआ, जो रेलवे की वित्तीय सेहत का प्रमुख संकेतक है।

राजस्व सृजन को और मजबूती देते हुए 12 फरवरी 2026 को सियालदह मंडल में 12 वाणिज्यिक परिसंपत्तियों की नीलामी से 2.39 करोड़ से अधिक का अनुबंध मूल्य प्राप्त हुआ। वहीं 1 से 10 फरवरी के बीच मालदा मंडल में 14 परिसंपत्तियों की नीलामी से 2.50 करोड़ से अधिक की आय हुई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, आय वृद्धि और खर्च नियंत्रण के संतुलन ने एक स्थायी वित्तीय मॉडल की दिशा में मजबूत आधार तैयार किया है।

## वर्ण व्यवस्था का आधार जन्म नहीं, 'कर्म' है: महर्षि महिमा पर्व के दूसरे दिन गूंजे वैदिक विचार

**कोलकाता :** आर्य समाज स्थापना के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित 'महर्षि महिमा पर्व एवं ऋषि बोधोत्सव' के दूसरे दिन वैदिक चिंतन और युवा चेतना का सशक्त संगम देखने को मिला। विवेकानंद रोड स्थित रामकृष्ण मंच पर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्वानों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार करते हुए वेदसम्मत विचार प्रस्तुत किए, वहीं नई पीढ़ी ने महर्षि दयानंद के आदर्शों को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ 'चतुर्वेद शतकम यज्ञ' से हुआ। आचार्य राहुल देव शास्त्री और पंडित योगेशराज उपाध्याय के नेतृत्व में संपन्न यज्ञ में यजमानों ने आहुतियां अर्पित कीं। प्रातःकालीन सत्र में आयोजित 'वर्ण व्यवस्था सम्मेलन' में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों और आर्य विद्वानों ने विस्तृत विमर्श किया। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि वेदों में वर्ण व्यवस्था 'गुण-कर्म-स्वभाव' पर आधारित है, न कि जन्म पर। जन्म आधारित जातिवाद को समाज के पतन का कारण बताते हुए इसे वेदविरुद्ध बताया गया।

इस बौद्धिक सत्र में आचार्य ज्वलंत कुमार शास्त्री, प्रो. विनय विद्यालंकार, डॉ. त्रिद्वीप सरकार, डॉ. तारकनाथ जी, डॉ. हरिदास सरकार, डॉ. प्रद्युत दत्ता तथा डॉ. प्रताप राय ने अपने शोधपरक विचार प्रस्तुत किए। सत्र का समापन समिति के मंत्री दीपक आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन एवं शांति पाठ के साथ किया।

संध्याकालीन सत्र युवा शक्ति को समर्पित रहा। समिति द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में महानगर के 15 प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 25 छात्र-छात्राओं ने 'ऋषि दयानंद और उनका राष्ट्र के प्रति योगदान' विषय पर ओजस्वी वक्तव्य दिए। प्रतियोगिता को जूनियर (कक्षा 7-8) और सीनियर (कक्षा 9-10) वर्गों में विभाजित किया गया। जूनियर वर्ग में प्रणीता सिंह (बालिका शिक्षा सदन) ने प्रथम, शौर्य मिश्रा (श्री जैन विद्यालय) ने द्वितीय और धर्मप्रभा (वैदिक आर्य कन्या गुरुकुल) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में निष्ठा साव (बालिका शिक्षा सदन) प्रथम, रौनक गुप्ता (श्री जैन विद्यालय) द्वितीय और सुमन महतो (आर्य कन्या महाविद्यालय) तृतीय स्थान पर रहे।

निर्णायक मंडल में आचार्य ज्वलंत कुमार शास्त्री, प्रो. विनय विद्यालंकार तथा आर्य समाज बड़ा बाजार के प्रधान श्री आनंद देव आर्य शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन पवन आर्य ने किया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जबकि अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। वैदिक जयघोष और शांति पाठ के साथ महोत्सव के दूसरे दिन का सफल समापन हुआ। आयोजन ने समाज में वैदिक मूल्यों और युवा चेतना के प्रसार का सशक्त संदेश दिया।

## दक्षिण 24 परगना में जिला लोकसंस्कृति, आदिवासी संस्कृति और यात्रा उत्सव का शुभारंभ

**कोलकाता :** राज्य के सूचना एवं संस्कृति विभाग के आयोजन में तथा दक्षिण 24 परगना जिला सूचना एवं संस्कृति कार्यालय के प्रबंधन और राजपुर-सोनारपुर नगरपालिका के सहयोग से शुक्रवार को जिला लोकसंस्कृति, आदिवासी संस्कृति एवं यात्रा उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर महकमा अंतर्गत जय-हिंद ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।

उद्घाटन समारोह में जिले के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मंच पर जिला परिषद की सभाधिपति नीलिमा मिस्त्री विशाल, सोनारपुर उत्तर विधानसभा केंद्र की विधायक मोहतरमा फिरदौसी बेगम, सहायक सभाधिपति श्रीमंत कुमार माली, मत्स्य एवं प्राणी संपदा विभाग के कर्माध्यक्ष जयंता भद्र तथा राजपुर-



सोनारपुर नगरपालिका के चेयरमैन-इन-काउंसिल जनाब नजरुल अली मंडल, दक्षिण 24 परगना जिला सूचना एवं संस्कृति कार्यालय की अधिकारी अनन्या मजूमदार सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे।

कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर उत्सव की शुरुआत की और लोक एवं आदिवासी संस्कृति के संरक्षण तथा संवर्धन पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से स्थानीय कलाकारों को मंच मिलता है और पारंपरिक संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर मिलता है।

उत्सव में विभिन्न लोकनृत्य, आदिवासी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा यात्रा (लोकनाट्य) का मंचन किया जाएगा।

# महाराष्ट्र में मारे गए पश्चिम बंगाल के प्रवासी श्रमिक के परिजनों से मिले अभिषेक, न्याय की मांग की



**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के उस प्रवासी श्रमिक के परिजनों से मुलाकात की जिसकी हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे में हत्या कर दी गई थी। उन्होंने पश्चिमी राज्य की पुलिस से मृतक को न्याय दिलाने की मांग की। भाजपा ने सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पर इस घटना को लेकर गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव ने पुरुलिया स्थित सुखेन महतो के आवास का दौरा किया और कहा कि हत्या में शामिल सभी लोगों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। अभिषेक ने चेतावनी दी कि अगर जांच में कोई गड़बड़ी होती है तो पार्टी परिवार को कानूनी और राजनीतिक समर्थन देगी। बनर्जी ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र पुलिस को पुरुलिया जिले के बंदवान निवासी 24 वर्षीय प्रवासी सुखेन महतो की हत्या के मामले में गिरफ्तार दो लोगों की जमानत याचिका का विरोध करना चाहिए। पुरुलिया में मृतक के परिजनों से मुलाकात के बाद टीएमसी नेता ने कहा, 'महाराष्ट्र पुलिस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परिवार को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि अगर आरोपी जमानत मांगते हैं, तो पुलिस को याचिका का विरोध करना चाहिए। महाराष्ट्र पुलिस का जिक्र करते हुए टीएमसी नेता ने कहा, 'अगर वे ऐसा नहीं कर सकते, तो मामला हमें सौंप दें। हम 50 दिनों के भीतर मामले को सुलझा लेंगे।' टीएमसी के दूसरे नंबर के नेता माने जाने वाले सांसद ने कहा, 'हमें इस दर्दनाक घटना की जानकारी परसों मिली। मुख्यमंत्री ने दुख और संवेदना व्यक्त की और प्रशासन को महाराष्ट्र के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया ताकि दोषियों को कड़ी सजा दी जा सके।' ऑनलाइन प्रसारित एक कथित वीडियो का जिक्र करते हुए बनर्जी ने हमले को 'बर्बर' बताया और कहा कि पीड़ित परिवार सदमे में है। उन्होंने कहा कि परिवार को कानूनी सहायता का आश्वासन दिया गया है और जरूरत पड़ने पर पार्टी इस मामले को अदालतों में ले जाएगी। उन्होंने कहा, 'किसी को कुछ दिनों के लिए गिरफ्तार करना काफी नहीं है। अगर जमानत दी जाती है, तो जमानत रद्द करने के लिए अपील दायर की जानी चाहिए। हम इस कानूनी लड़ाई में परिवार की मदद करेंगे।' हालांकि, बनर्जी ने कहा कि मौत का सटीक कारण अब भी जांच का विषय है और उन्होंने जोर देकर कहा कि वे इस त्रासदी का राजनीतिकरण नहीं करना चाहते। उन्होंने पुरुलिया से भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो से हस्तक्षेप करने और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात करके शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'मैं सांसद से पार्टी लाइन से ऊपर उठकर कार्रवाई करने की उम्मीद करता हूं। जब लोगों की हत्या हो रही है तो तत्परता कहां है?' उन्होंने आगे कहा कि यदि सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया और समय पर मुकदमा शुरू नहीं हुआ, तो टीएमसी अपने विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल परिवार के सदस्यों के साथ महाराष्ट्र भेजेगी। बनर्जी ने आरोप लगाया कि इस तरह की घटनाएं 'ज्यादातर भाजपा शासित राज्यों में हो रही हैं'। उन्होंने पश्चिम बंगाल के भाजपा नेताओं पर जनहित से ऊपर राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'ज्यादातर समय यहां के भाजपा नेता बंगाल से संबंधित निधि को रोकने के लिए दिल्ली में डेरा डाले रहते हैं। मुझे उम्मीद है कि वह (पुरुलिया सांसद) पार्टी की राजनीति से ऊपर उठकर इस मामले को उठाएंगे।' बनर्जी ने चेतावनी दी कि अगर सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो पार्टी पश्चिमी राज्य में एक टीम भेजेगी। बनर्जी ने यह भी घोषणा की कि शनिवार को विधानसभा क्षेत्रों, प्रखंडों और कस्बों में रैलियां निकाली जाएंगी, जिनमें दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की जाएगी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना नौ फरवरी को कोरेगांव के शिकारपुर पुलिस थाना क्षेत्र में घटी थी और इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

हालांकि, पुणे ग्रामीण पुलिस ने कहा है कि पीड़ित की मौत नशे की हालत में हुए झगड़े के बाद हुई थी और इस घटना का कोई अन्य पहलू नहीं है।



अभिषेक बनर्जी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई ने आरोप लगाया कि प्रवासी श्रमिकों की मौतों को लेकर दुष्प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। कोलकाता में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता देबजीत सरकार ने कहा कि प्रारंभिक जांच के निष्कर्ष, सीसीटीवी फुटेज और प्राथमिकी के विवरण से किसी भी भाषा आधारित मकसद का संकेत नहीं मिलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के बाहर बंगाली श्रमिकों से जुड़ी छिटपुट घटनाओं को राजनीतिक कारणों से भाषा आधारित हमले के रूप में पेश किया जा रहा है, जिससे भय का माहौल बन सकता है और सामाजिक सद्भाव बिगड़ सकता है। सरकार ने कहा, 'कोई भी मौत या हिंसा की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए, लेकिन जांच पूरी होने से पहले कोई भी विमर्श नहीं गढ़ना चाहिए।' उन्होंने लोगों से सत्यापित तथ्यों पर भरोसा करने का आग्रह किया।

## शुभेंदु के गृह जिले में भाजपा नेता ने तृणमूल का थामा दामन

- **दल बदलने के लिए मोयना से भाजपा विधायक व पूर्व क्रिकेटर अशोक डिंडा को जिम्मेदार ठहराया**
- **भाजपा का दावा– तृणमूल द्वारा रुपये और उम्मीदवारी की लालच में पार्टी बदली है**



**कोलकाता :** बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के गृह जिले पूर्व मेदिनीपुर में शुक्रवार को भाजपा को झटका लगा। जिले के मोयना विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता चंदन मंडल ने शुक्रवार को पार्टी छोड़कर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया। कोलकाता में तृणमूल भवन में उन्होंने मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य और तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष की मौजूदगी में पार्टी का झंडा थामा। उन्होंने अपने दल बदलने के लिए मोयना से भाजपा विधायक व पूर्व क्रिकेटर अशोक डिंडा को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने व जमीनी भाजपा नेताओं को धीरे-धीरे पार्टी में किनारे किया जा रहा है। मंडल ने कहा कि मोयना इलाके की अर्थव्यवस्था मछली पालन पर निर्भर है। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो भाजपा और न ही स्थानीय विधायक मछली पालन के विकास के लिए कोई कदम उठा सके। इसलिए उन्होंने भाजपा छोड़ी है और तृणमूल में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल नेतृत्व ने उन्हें क्षेत्र के विकास और कई इलाकों में पिछले कई महीने से बंद लक्ष्मी भंडार योजना को फिर से शुरू करने का भरोसा दिया है। दूसरी ओर, स्थानीय भाजपा नेतृत्व ने दावा किया कि तृणमूल द्वारा रुपये और उम्मीदवारी की लालच में मंडल ने पार्टी बदली है। तमलुक सांगठनिक जिला भाजपा के उपाध्यक्ष प्रलय पाल ने कहा कि मंडल ने यह जानते हुए पार्टी बदली है कि 2021 की तरह इस बार के विधानसभा चुनाव में भी उनके मोयना से भाजपा उम्मीदवार बनने की कोई उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि मंडल के पार्टी छोड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

## दामाद ने सास पर किया जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार



**हुगली :** आरामबाग थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां दामाद ने अपनी सास पर ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल आरामबाग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल महिला की पहचान भारती मुर्मू के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी मेघनाथ मलिक आरामबाग के काष्टदही गांव का निवासी है। बताया जा रहा है कि पत्नी से विवाद के बाद वह ससुराल पहुंचा था। कुछ दिन पहले उसकी पत्नी झगड़े के बाद रघुनाथपुर स्थित अपने मायके चली गई थी और बाद में वहां से भी कहीं चली गई। पत्नी के बारे में पूछताछ को लेकर मेघनाथ और उसकी सास के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही तीखी बहस में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान मेघनाथ ने जेब से ब्लेड निकालकर सास के गले पर वार कर दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और भागने की कोशिश कर रहे आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बंगाल में तीस्ता नदी में कार गिरने से सिक्किम के दो निवासियों की मौत

**गंगटोक/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग जिले में शुक्रवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग-10 पर तीस्ता नदी में एक कार गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में जान गंवाने वाले दोंनो लोग सिक्किम के निवासी थे। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना सुबह चार बजे से पांच बजे के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-10 पर बंगाल की ओर स्थित 29वें मील पर हुई। यहां चालक कथित तौर पर वाहन से नियंत्रण खो बैठा और वाहन नदी में गिर गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान अनिकेत प्रसाद (25) और अमन गुप्ता (23) के रूप में हुई है, दोनों गंगटोक के निवासी थे। दुर्घटना में कुणाल गुप्ता और पवन कुमार प्रसाद घायल हो गए और उन्हें सिलीगुड़ी के एक अस्पताल में ले जाया गया है, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि निजी वाहन सिक्किम में पंजीकृत था। वाहन में सवार चारों लोग एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के बाद गंगटोक लौट रहे थे।

## ईडी ने पश्चिम बंगाल कोयला घोटाले से जुड़ी कंपनियों की 100 करोड़ रुपये की नयी संपत्तियां कुर्क कीं

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने पश्चिम बंगाल में कथित अवैध खनन और कोयला चोरी के मामले में धनशोधन की जांच के तहत 100 करोड़ रुपये की नयी संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी का दावा है कि इस मामले में स्थानीय प्रशासन ने सक्रिय रूप से सहयोग किया था। इस मामले में हालिया तलाशी जनवरी में कई परिसर में ली गई थी, जिनमें कोलकाता स्थित राजनीतिक परामर्श कंपनी आई-पैक और उसके एक निदेशक प्रतीक जैन से जुड़े परिसर भी शामिल थे। आठ जनवरी की इस कार्रवाई को लेकर काफी विवाद खड़ा हो गया था। ईडी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी छापेमारी के दौरान जैन के आवास पर पहुंच गईं और महत्वपूर्ण सबूत साथ लेकर चली गईं तथा आई-पैक के कार्यालय में भी उन्होंने यही कृत्य दोहराया। बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया था कि ईडी इन तलाशी की आड़ में राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले आई-पैक के परिसर से पार्टी की चुनाव रणनीति से संबंधित दस्तावेज ले जाने की कोशिश कर रही है। ईडी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि इस मामले से जुड़ी 'लाभार्थी' कंपनियों (शाकंभरी इस्पात एंड पावर लिमिटेड और गगन फेरोटेक लिमिटेड) की अचल संपत्तियों, सावधि जमा और म्यूचुअल फंड को जब्त करने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अंतरिम आदेश जारी किया गया है। अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक दीपक कुमार अग्रवाल के नेतृत्व वाला शाकंभरी समूह पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े एकीकृत इस्पात निर्माताओं में से एक है। यह समूह कई स्पंज आयरन, इस्पात और बिजली इकाइयों का संचालन करता है और थर्मोकॉन और एलिगेंट जैसे ब्रांड के तहत उत्पादों का विपणन करता है। शाकंभरी समूह की कोई भी कंपनी किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं है। ईडी ने बताया कि जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 100.44 करोड़ रुपये है। ईडी ने कहा कि नवीनतम आदेश के साथ अब तक जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 322.71 करोड़ रुपये हो गया है और इस मामले में अपराध से अर्जित आय 2,742 करोड़ रुपये है। ईडी ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के पट्टे वाले क्षेत्रों में अवैध रूप से कोयले के खनन और बड़े पैमाने पर कोयला चोरी में शामिल एक कथित गिरोह की जांच कर रही है। स्थानीय प्रशासन की सक्रिय सहायता से अवैध रूप से खनन करके निकाले गए कोयले को पश्चिम बंगाल की विभिन्न फैक्टरियों में वितरित किया जाता था। कुछ साल पहले ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए अनूप माजी उर्फ लाला को इस गिरोह का सरगना बताया जा रहा है। ईडी का दावा है, माजी ने एक अवैध परिवहन चालान या पैड की शुरुआत की, जिसे आमतौर पर लाला पैड के नाम से जाना जाता है। यह अवैध परिवहन चालान एक कर चालान के रूप में काम करता था, जो अस्तित्वहीन कंपनियों के नाम पर जारी किया जाता था।

## कोयला तस्करी मामले में ईडी ने पुलिसकर्मी मनोरंजन और व्यापारी प्रवीर को किया तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोयला तस्करी मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने फिर से पुलिसकर्मी मनोरंजन मंडल को तलब किया है। शुक्रवार को उन्हें सॉल्टलेक के सीजिओ कॉम्प्लेक्स में हाजिरी देने के लिए कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, इस महीने की 3 तारीख को ही ईडी ने मनोरंजन मंडल के घर पर छापा मारा था। यह मामला बड़े पैमाने पर कोयला तस्करी और प्रोटेक्शन मनी लेनदेन से जुड़ा है, जिसमें इस पुलिसकर्मी का नाम सामने आया।

बता दें कि, इस महीने की सोमवार को भी मनोरंजन मंडल को ईडी ने तलब किया था, लेकिन उन्होंने उस दिन हाजिरी देने से बचा लिया था। अब एक बार फिर केंद्रीय जांच टीम की ओर से उन्हें समन भेजा गया है। मनोरंजन मंडल के



अलावा दुर्गापुर सेपको टाउनशिप के व्यापारी प्रवीर दत्त को भी इसी मामले में ईडी ने तलब किया है। प्रवीर दत्त के घर पर भी ईडी ने छापेमारी की थी और जांच की जा रही है कि क्या उनके किसी भी अवैध लेनदेन का कोयला तस्करी से कोई संबंध है।

सूत्रों के अनुसार, ईडी इस मामले की जांच को धीरे-धीरे समेटने की कोशिश कर रही है। इसी उद्देश्य के तहत मनोरंजन और प्रवीर को तलब किया गया है। अब यह देखने वाली बात होगी कि वे हाजिरी देंगे या नहीं, और इसी को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

## निहार नैचुरल्स का नया म्यूजिकल ट्रैक 'फिट चुल, हिट चुल' लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की अग्रणी एफएमसीजी कंपनी मारिको लिमिटेड ने अपने ब्रांड निहार नैचुरल्स हेयर ऑयल के लिए नया ओरिजिनल म्यूजिकल ट्रैक 'फिट चुल, हिट चुल' लॉन्च किया है। यह डिजिटल अभियान पश्चिम बंगाल की समृद्ध संगीत परंपरा से प्रेरित है और हेयर फिटनेस को ऊर्जा, आत्म-अभिव्यक्ति और आधुनिक हेयरकेयर से जोड़ता है। कंपनी के सीएमओ विक्रम करवाल ने कहा कि बंगाल में संगीत अभिव्यक्ति और शक्ति का माध्यम रहा है, इसलिए इस ट्रैक के जरिए स्वस्थ और मजबूत बालों का संदेश सांस्कृतिक रूप में प्रस्तुत किया गया है। गीत में राज्य के कलाकार मृन्मय एमएस और श्रेया बसु की आवाज़ है, जबकि ब्रांड एंबेसडर रुक्मिणी मैत्रा अभियान को बढ़ावा देंगी। यह ट्रैक रील्स और शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म के लिए तैयार किया गया है। अभियान टॉनिक वर्ल्डवाइड ने तैयार किया है। हाल ही में ब्रांड ने कोकोनट रोजमेरी, कोकोनट आल्मंड और कोकोनट एलोवेरा हेयर ऑयल भी बाजार में उतारे हैं।

## हावड़ा-तारकेश्वर के बीच शिवरात्रि मेला के अवसर पर चलेगी एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने तारकेश्वर में आयोजित होने वाले शिवरात्रि मेला के अवसर पर संभावित भारी भीड़ को देखते हुए हावड़ा और तारकेश्वर के बीच एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन 15 फरवरी और 16 फरवरी को संचालित की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं और यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। हावड़ा-तारकेश्वर ईएमयू स्पेशल हावड़ा से दोपहर 14:45 बजे प्रस्थान कर 16:14 बजे तारकेश्वर पहुंचेगी। वापसी में, तारकेश्वर-हावड़ा ईएमयू स्पेशल 16:45 बजे तारकेश्वर से रवाना होकर 18:15 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह दोनों स्पेशल ट्रेनें मार्ग में सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

## सेनको गोल्ड लिमिटेड ने तीसरी तिमाही और नौ माह के समेकित वित्तीय परिणाम घोषित किए

- **राजस्व और लाभ में रिकॉर्ड वद्धि**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह के लिए अपने समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने तीसरी तिमाही में अब तक की सर्वाधिक खुदरा बिक्री 3,071 करोड़ दर्ज की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। नौ माह में कुल राजस्व 30 प्रतिशत बढ़कर 6,433 करोड़ हुआ, जबकि पिछले बारह महीनों का कुल राजस्व लगभग 8,300 करोड़ तक पहुंच गया है।

तीसरी तिमाही में राजस्व 1,536 करोड़ से बढ़कर 3,071 करोड़ हुआ। परिचालन लाभ चार गुना बढ़कर 404 करोड़ और शुद्ध लाभ पांच गुना बढ़कर 264 करोड़ रहा। साल-दर-साल तुलना में परिचालन लाभ में पांच गुना और शुद्ध लाभ में



सुवंकर सेन

आठ गुना वृद्धि दर्ज की गई। नौ माह में परिचालन लाभ 240 करोड़ से बढ़कर 694 करोड़ और शुद्ध लाभ 97 करोड़ से बढ़कर 417 करोड़ हुआ। तिमाही में परिचालन लाभ का अनुपात 13.2 प्रतिशत और शुद्ध लाभ का अनुपात 8.5 प्रतिशत रहा।

कंपनी का स्टोर नेटवर्क 196 शोरूम तक बढ़ गया। तिमाही में 4 नए स्वायत्त संचालित शोरूम (फ्रेंचाइजी) और नौ माह में कुल 21 शोरूम जोड़े गए। वित्त वर्ष 2026 में 20 नए शोरूम खोलने और कुल 200 शोरूम तक पहुंचने की योजना है। सोने की औसत कीमतों में 63 प्रतिशत वार्षिक और 23 प्रतिशत तिमाही वृद्धि हुई, जो 1,40,000 प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई। औसत लेन-देन मूल्य 93,000 और औसत बिक्री मूल्य 60,270 रहे। कंपनी ने तिमाही में 6,000 से अधिक नए सोने के डिजाइन और 3,300 हीरे के डिजाइन लॉन्च किए। नए प्रारूप सेनेस और एवरलाइट संग्रह के माध्यम से रोजमर्रा के हल्के गहनों में विस्तार जारी है। स्टडेड और हीरे वाले गहनों के वर्गीकरण में प्रीमियमाइजेशन प्रमुख केंद्र हैं।

प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी **सुवंकर सेन** ने कहा, रिकॉर्ड ऊंची सोने की कीमतों के बावजूद धनतेरस माह में 1,716 करोड़ की ऐतिहासिक बिक्री हुई। हल्के और रोजमर्रा पहनने योग्य गहनों पर ध्यान देने से ग्राहकों की भागीदारी और लाभप्रदता बढ़ी है। हमारा डिजाइन नेतृत्व और ग्राहक-केंद्रित योजनाएं बिक्री को निरंतर समर्थन देती हैं।

समूह वित्त प्रमुख संजय बांका ने बताया, तीसरी तिमाही में समायोजित शुद्ध लाभ 264 करोड़ तक पहुंचा, जो साल-दर-साल 4.9 गुना और तिमाही-दर-तिमाही 5.4 गुना बढ़ा। नौ माह में समायोजित परिचालन लाभ 298 करोड़ से बढ़कर 695 करोड़ और समायोजित शुद्ध लाभ 139 करोड़ से बढ़कर 417 करोड़ हुआ। शुद्ध लाभ अनुपात नौ माह में 6.5 प्रतिशत और तिमाही में 8.5 प्रतिशत रहा। इन्वेंट्री मूल्य 55 प्रतिशत बढ़कर 4,602 करोड़ और उधारी 44 प्रतिशत बढ़कर 2,248 करोड़ हुई। नए श्रम कानून का प्रभाव 6.20 करोड़ रहा।

## सुंदरबन के गांवों में बाघों के हमलों को रोकने के लिए लगाई जाएंगी फिशिंग सेंसर लाइटें

- **फिशिंग सेंसर लाइट से निकलने वाली रोशनी से बाघ इलाके में आने से कतराएंगे**

**कोलकाता :** वन विभाग सुंदरबन के गांवों में बाघों के हमलों को रोकने के लिए ऊंचे पेड़ों की शाखाओं या जालों पर फिशिंग सेंसर लाइटें लगाएगा। यह लाइट शाम के समय जलेगी। इससे लाल, नीली, पीली और हरी रंग की अलग-अलग रोशनी निकलेगी। वन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इसके परिणामस्वरूप बाघ इलाके में आने से कतराएंगे।

वन विभाग के मुताबिक इस कड़ी में दक्षिण 24 परगना के कुलतली 26 किलोमीटर के क्षेत्र में 300 विशेष फिशिंग सेंसर लाइटें लगाई जा रही हैं। ये फिशिंग सेंसर लाइटें कुलतली के उन क्षेत्रों में लगाई जा रही हैं जहां बाघ के पदचिह्न और



गतिविधि सबसे अधिक देखी जाती है। वन विभाग की यह पहल प्रायोगिक तौर पर सफल रही है। इसके बाद ही इसे स्थापित करने का निर्णय किया गया है। जिले के पाथरप्रतिमार गांव में प्रायोगिक तौर पर इसके बहुत अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं। बता दें कि सुंदरबन वन से बाघों का हर साल पास के गांवों में घुसना कोई नई बात नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में गांवों में घुसने वाले बाघों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। इसके चलते ग्रामीण हमेशा डरे रहते हैं।

**Khanakul-II Development Block**
Senhat, Rajhati, Bandar, Hooghly
**NOTICE INVITING TENDER**
The BDO Kh-II, **NIeT No. 133/ BDO Kh-II/2025-26 (3rd Call), Date: 10.02.2026. Tender ID-2025_ZPHD_1002789_1 to 4** for **AWC Building**. Bids Submission ends **24.02.2026 up to 03.00 P.M.** For detail visit **wbtenders.gov.in**
Sd/-
Block Dev. Officer
Khanakul-II Dev. Block

## महुआ मोइत्रा का आरोप, अमित मालवीय ने बंगाल पुलिस को नोएडा में वारंट की तामील से रोका

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अमित मालवीय पर पश्चिम बंगाल पुलिस की ओर से उत्तर प्रदेश के नोएडा में उस व्यक्ति के खिलाफ अदालत के वारंट की तामील में हस्तक्षेप का आरोप लगाया है, जिस पर उनसे (महुआ) जुड़े फर्जी चैट संदेश प्रसारित करने का इल्जाम है। पश्चिम बंगाल के नादिया जिले की पुलिस ने भी आरोप लगाया है कि आरोपी को गिरफ्तार करने के उसके प्रयास में बाधा डाली गई, जिसके बाद वह व्यक्ति भागने में सफल रहा। हालांकि, केंद्रीय मंत्री एवं पश्चिम बंगाल भाजपा के वरिष्ठ नेता सुकांत मजूमदार ने पलटवार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस पश्चिम बंगाल पुलिस की तरह पक्षपातपूर्ण नहीं है और वह कानून के अनुसार काम करेगी। नादिया जिले के कृष्णानगर से तृणमूल सांसद महुआ ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर तीन वीडियो क्लिप साझा करते हुए दावा किया कि इनमें पूरी घटना क्रमवार दर्ज है। एक वीडियो क्लिप में एक आदमी को एक महिला से बात करते हुए और फिर किसी को फोन करते हुए दिखाया गया है। महुआ ने कहा, जरा देखिए, आरोपी ने भाजपा की 'ट्रोल आर्मी' के प्रमुख अमित मालवीय को कैसे 'आप कुछ नहीं करेंगे' कहकर धमकाया। सब कुछ वीडियो में कैद है। उन्होंने मालवीय पर पुलिस कार्रवाई से बचने में आरोपी की मदद करने का आरोप लगाया। तृणमूल सांसद की ओर से साझा किए गए दूसरे वीडियो में कथित आरोपी किसी से फोन पर बात करते हुए नजर आ रहा है। महुआ ने कहा, अमित मालवीय को नोएडा के पुलिस अधिकारी से फोन पर बात करते हुए सुनिए। धारा-41ए के तहत नोटिस भेजा गया था (आरोपी ने ईमेल मिलने की बात कैमरे पर स्वीकार की है), फिर नोएडा पुलिस पश्चिम बंगाल पुलिस को थाने ले गई और आरोपी की भागने में मदद की। पश्चिम बंगाल के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, नादिया जिले की पुलिस टीम आरोपी 'कंटेंट राइटर' के खिलाफ अदालत की ओर से जारी गैर-जमानती वारंट की तामील के लिए नोएडा के सेक्टर-110 स्थित एक अपार्टमेंट पहुंची थी। इस दौरान नोएडा पुलिस के कर्मी भी टीम के साथ थे। अधिकारी ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा, फिर, कुछ राजनीतिक पदाधिकारियों के फोन आए, जिसके बाद टीम को थाने ले जाया गया और कानूनी प्रक्रिया बाधित कर दी गई, जिससे आरोपी को भागने का मौका मिल गया। उसकी तलाश जारी है। नादिया पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि साइबर प्रकोष्ठ की ओर से की गई शुरुआती जांच में यह स्थापित हो गया है कि महुआ से जुड़े जो चैट प्रसारित किए जा रहे हैं, वे फर्जी और मनगढ़ंत हैं। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने दावा किया कि बंगाल पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ की जांच में फर्जी चैट के स्क्रीनशॉट बनाने और प्रसारित करने के पीछे जिस व्यक्ति का हाथ होने की बात सामने आई थी, वह भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ से जुड़ा हुआ है। हालांकि, केंद्रीय मंत्री मजूमदार ने कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े चार राज्य अधिकारियों के खिलाफ निर्वाचन आयोग के आदेश को लागू करने में बार-बार विफल रही है और अन्य मामलों में भी यही स्थिति है। उन्होंने आरोप लगाया, ममता बनर्जी के नेतृत्व वाला पक्षपाती प्रशासन और राज्य पुलिस निर्वाचन आयोग के एक भी अनुरोध को लागू नहीं कर पाए हैं। दोषी पाए गए चार सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसी तरह, आयोग के बार-बार अनुरोध करने के बावजूद फरक्का में एसआईआर सुनवाई केंद्र पर हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों पर कोई मुकदमा नहीं चलाया गया है। मजूमदार ने कहा कि महुआ से जुड़े मामले में बंगाल पुलिस अचानक अति सक्रिय हो गई है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए अन्य राज्यों में जा रही है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश पुलिस निश्चित तौर पर कानून के अनुसार अपना काम करेगी। वह बंगाल पुलिस की तरह पक्षपाती और अक्षम नहीं हैं।



# अब समाज में जातीय व्यवस्था फैलाने का एक माध्यम बन गया है समाजवाद : मुख्यमंत्री योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस और सपा पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का विरोध करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि वे राष्ट्रद्रोहियों का महिमामंडन और राष्ट्र नायकों का अपमान करते हैं। आदित्यनाथ ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा, 'आप राष्ट्रद्रोहियों को महिमामंडित करते हैं, राष्ट्र नायकों का अपमान करते हैं। गाजी (सूफी संत सैयद सालार मसूद गाजी) के मेले का समर्थन करते हैं। गाजी के पाप का बदला कैसे लिया जाना चाहिए, यह महाराजा सुहेलदेव के शौर्य से सीखिये।' उन्होंने कहा, 'हमें गर्व है कि हमारी सरकार ने बहराइच में महाराज सुहेलदेव का बड़ा स्मारक बनाया है। हमारी सरकार ने आजमगढ़ में महाराज सुहेलदेव के नाम पर विश्वविद्यालय भी बनाया है।' मुख्यमंत्री ने किसी का नाम लिये बगैर सपा सदस्यों से मुखातिब होते हुए कहा, 'आप लोगों के नेता तो दुर्योधन की प्रतिमा लगाने की बात करते हैं। बाबर की कब्र में सजदे का समर्थन करते हैं और वंदे मातरम का विरोध करते हैं। कांग्रेस और सपा के नेता संसद में बोल रहे हैं कि वंदे मातरम नहीं गाएंगे।' उन्होंने कहा, 'भारतीय जनता पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में वंदे मातरम का कोई अपमान नहीं कर सकता है। ऐसे ही कांग्रेस को डंके की चोट पर कहना चाहिए और जो व्यक्ति वंदे मातरम का विरोध करता है, कान पकड़ करके धक्का देकर उसे बाहर करना चाहिए।

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि जो समाजवाद कभी त्याग, संघर्ष व नैतिक आदर्श का आह्वान करता था आज वह वंशवाद, सुविधावाद और निजी साम्राज्य खड़े करने की एक सीढ़ी व समाज में जातीय व्यवस्था फैलाने का एक माध्यम बन गया है। योगी ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए सपा पर तंज कसते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का विकास से कोई वास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि गोमती रिवर फ्रंट की अनुमानित लागत 300 करोड रुपए थी लेकिन इस पर 1400 करोड रुपए खर्च हो गए फिर भी परियोजना अधूरा है। मुख्यमंत्री ने कहा, जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र की अनुमानित लागत 200 करोड़ रुपये थी लेकिन उस पर 800 करोड रुपए खर्च हो गए फिर भी परियोजना अधूरी है, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे में जमीन नहीं ली गई लेकिन निविदा जारी कर दी गयीं। यह है सपा का विकास मॉडल?



## राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा का हंगामा मातृशक्ति का अपमान : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के दौरान हुए हंगामे को लेकर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) की कड़ी आलोचना की और कहा कि मुख्य विपक्षी दल ने अपने आचरण से न केवल राज्य की संवैधानिक प्रमुख बल्कि मातृशक्ति का भी अपमान था। आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते समय नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे से मुखातिब होते हुए कहा, 'अभी आप सनातन की बात कर रहे थे। महर्षि वेदव्यास सनातन धर्म के सबसे बड़े व्याख्याकार हैं। महर्षि वेदव्यास का कालखंड आज से लगभग 5000 वर्ष पहले था। उन्होंने 5000 वर्ष पहले कहा था कि मां के समान कोई छाया नहीं है, मां के समान कोई सहारा नहीं है, मां के समान कोई रक्षक नहीं है और मां के समान कोई प्रिय भी नहीं है।' आदित्यनाथ ने कहा, 'हमारे भारत की सनातन परंपरा में मां की उम्र की या अपने से बड़ी उम्र की हर महिला को भी माता के समान सम्मान देने का विधान है। लेकिन आप लोगों ने इस सदन में माननीय राज्यपाल जी के अभिभाषण के दौरान कैसा आचरण किया? आप सनातन की बात कर रहे थे।'

## 'ट्रिपल टी' की त्रिवेणी की बनकर उभरा उत्तर प्रदेश: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य अब 'ट्रिपल टी' यानी 'टेक्नॉलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसपोर्टेशन' की 'त्रिवेणी' बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि अब राज्य में 'कर्फ्यू कल्चर' की जगह 'जीरो टॉलरेंस कल्चर' ने ली है और दंगों की जगह 'फेस्टिवल व टेंपल इकोनामी' पनप रही है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि अब उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं है। उन्होंने कहा, 'आज यह ट्रिपल टी का एक प्रतीक बना है। ट्रिपल टी यानी टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसपोर्टेशन। यह इन तीनों की एक त्रिवेणी बनकर उभरा है। पहली बार सदन में प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण भी प्रस्तुत किया गया है। यह आर्थिक सर्वेक्षण विचार से व्यवस्था और व्यवस्था से विकास की इस अभिनव यात्रा का प्रतीक है।'

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान: पुलिस के साथ मुठभेड़ में संदिग्ध तस्कर की मौत

**जयपुर:** राजस्थान के पाली जिले में बृहस्पतिवार देर रात को पुलिस के साथ हुई गोलीबारी में संदिग्ध मादक पदार्थ तस्कर मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मादक पदार्थ रोधी कार्यबल (एएनटीएफ) को दो गाड़ियों में नशीले पदार्थ की तस्करी की जानकारी मिली थी। टीम ने संदिग्ध वाहनों का पीछा करना शुरू कर दिया। एएनटीएफ के महानिरीक्षक (आईजी) विकास कुमार ने कहा कि एक संदिग्ध वाहन भागने में कामयाब रहा लेकिन पुलिस ने दूसरे वाहन को रोकने के लिए सड़क पर 'स्पाइक स्ट्रिप' लगा दी जिससे उसके टायर पंचर हो गए। महानिरीक्षक ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''कार में सवार आरोपियों ने टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। एएनटीएफ की जवाबी गोलीबारी में भुट्टो नामक 36 वर्षीय व्यक्ति को गोली लगी और उसकी मौत हो गई।' उसे पाली के अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने कहा कि टीम ने वाहन से नशीला पदार्थ (डोडा चूरा), एक पिस्तौल और कई कारतूस बरामद किए। उन्होंने कहा कि उसी वाहन में सवार एक अन्य युवक को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा, 'भुट्टो 2023 में राजसमंद में पुलिस पर गोलीबारी समेत कई मामलों में वांछित था।'

### बिहार: सारण में ऑर्केस्ट्रा समूहों से 15 लड़कियों को छुड़ाया गया

**पटना:** बिहार के सारण जिले में पुलिस ने छह ऑर्केस्ट्रा समूहों के खिलाफ पांच घंटे तक चले अभियान में 15 लड़कियों को छुड़ाया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह छापेमारी बृहस्पतिवार देर रात से शुक्रवार तड़के तक पुलिस की मानव तस्करी रोधी इकाई और गैर-सरकारी संगठनों के समन्वय से की गई। अधिकारियों ने बताया कि काजल ऑर्केस्ट्रा, सुर संगम ऑर्केस्ट्रा, कोपा चट्टी ऑर्केस्ट्रा, खुशी ऑर्केस्ट्रा, श्याम ऑर्केस्ट्रा और दिया ऑर्केस्ट्रा से लड़कियों को छुड़ाया गया। उन्होंने बताया कि ये सभी समूह जिले में 10 किलोमीटर के दायरे में संचालित हो रहे थे। एक बयान के अनुसार, ज्यादातर लड़कियों को पंजाब, ओडिशा, असम, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश से तस्करी कर कथित तौर पर लाया गया था और उनके शरीर पर चोट के निशान थे।

### बेटियों की गवाही पर पत्नी की हत्या के मामले में व्यक्ति को उम्रकैद की सजा

**बरेली (उप्र):** जिले की स्थानीय अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी पत्नी की हत्या के जुर्म में उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने व्यक्ति की दो नाबालिग बेटियों की गवाही के आधार पर उसे यह सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष ने बताया कि विशेष न्यायाधीश तबरेज अहमद ने बृहस्पतिवार को दोषी रमेश चंद्र को उम्रकैद की सजा सुनाई और 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया। अपर शासकीय अधिवक्ता दिगंबर पटेल के मुताबिक, यह घटना 19 नवंबर, 2024 को बरेली के भूता थाना इलाके के अंगदपुर खमरिया गांव में हुई थी। पुलिस को जानकारी मिली थी कि रमेश चंद्र ने अपनी पत्नी राजेश्वरी देवी (35) पर धारदार हथियार से हमला किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच के दौरान पता चला कि व्यक्ति को शक था कि एक रिश्तेदार से राजेश्वरी का अवैध संबंध है। घटना वाले दिन राजेश्वरी जब घर में खाना बना रही थी तभी दंपति के बीच इस बात को लेकर बहस हुई थी।

### राजस्थान : कोटा में नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी

**कोटा:** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) की तैयारी कर रही अठारह वर्षीय एक छात्रा ने बृहस्पतिवार देर रात जहरीला पदार्थ खाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। छात्रा की पहचान मध्यप्रदेश के छतरपुर जिला निवासी जूही पटेल (18) के रूप में हुई है, जो यहां दादाबाड़ी क्षेत्र में रहती थी। दादाबाड़ी थाना प्रभारी बलदेवराम ने बताया कि लड़की करीब ढाई महीने पहले कोटा आई थी और शहर के बसंत विहार इलाके में किराए के कमरे में रहकर नीट-यूजी की तैयार कर रही थी तथा 'ऑफलाइन मॉक टेस्ट' दे रही थी। उन्होंने बताया कि लड़की ने बृहस्पतिवार रात करीब 11.30 बजे अपने कमरे में कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद उसे उल्टी होने लगी।

## सच को झूठ से अलग करने के लिए न्यायपालिका का आभारी हूं: पप्पू यादव



पटना, 13 फरवरी (भाषा) बिहार के पटना जिले की एक अदालत से जमानत मिलने के बाद निर्दलीय सांसद पप्पू यादव शुक्रवार को जेल से रिहा हो गये। यादव को तीन दशक पुराने एक मामले में पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था। पूर्णिया लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले यादव को वर्ष 1995 के एक जालसाजी मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें हालांकि मंगलवार को ही जमानत मिल गई थी लेकिन दो अन्य मामलों के कारण अदालत ने उनकी रिहाई पर रोक लगा दी थी। जेल से बाहर आने के बाद यादव ने अपने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उन्हें मरवाने की साजिश रच रहे थे। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के दौरान समर्थन देने के लिए विभिन्न दलों के नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, तेज प्रताप यादव, दिग्विजय सिंह, मनोज झा, आनंद मोहन और असदुद्दीन ओवैसी समेत अन्य नेताओं का आभार जताया।

## लखनऊ में कार ने ऑटो और पैदल यात्रियों को टक्कर मारी, छह साल के बच्चे की मौत



**लखनऊ (उप्र):** लखनऊ के बंथरा इलाके में हनुमान मंदिर के पास एक अज्ञात कार ने ऑटोरिक्शा और पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। इस घटना में छह साल के बच्चे की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, बंथरा थाने को बृहस्पतिवार शाम करीब छह बजे हादसे की जानकारी मिली, जिसके बाद स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में पता चला है कि एक अज्ञात कार ने एक ऑटो रिक्शा और सड़क पर चल रहे लोगों को टक्कर मारी। पुलिस ने बृहस्पतिवार रात बताया कि घायलों की पहचान अरमान (12), अवध बिहारी (42), साधना वर्मा (35), मीना देवी (60) और दीक्षांत पटेल (छह) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। दीक्षांत की हालत गंभीर थी, इसलिए उसे दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। पीड़ितों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (कृष्णा नगर) रजनीश वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने घटना में शामिल कार के चालक को हिरासत में ले लिया है तथा लापरवाही से गाड़ी चलाने और सार्वजनिक जगहों पर दूसरों की जान खतरे में डालने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी 21 साल का 12वीं कक्षा का छात्र है। वह और उसके चार दोस्त कार में थे और वे एक समारोह से लौट रहे थे। पुलिस ने कहा कि आरोपी के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस है और उसने अपने दोस्त से एक दिन के लिए कार उधार ली थी। उसने कहा कि ब्रेक और एक्सेलरेटर में कुछ 'भ्रम' हुआ और एक टायर फट गया, जिससे कार ऑटोरिक्शा से टकरा गई।

## बिहार को 2030 तक स्वास्थ्य, कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में तकनीकी सहयोग देगा गेट्स फाउंडेशन



**पटना:** गेट्स फाउंडेशन 2030 तक बिहार सरकार को स्वास्थ्य, कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए तकनीकी सहयोग देगा। इसके लिए राज्य सरकार और गेट्स फाउंडेशन के बीच समझौते का शुक्रवार को अगले पांच वर्षों के लिए नवीनीकरण किया गया है। समझौता अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा। इसके तहत राज्य सरकार के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति के लिए स्वास्थ्य समेत कुछ अन्य विभागों को तकनीकी सहयोग मिलेगा। समझौते पर शुक्रवार को पुराने सचिवालय के सभाकक्ष में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और गेट्स फाउंडेशन-भारत की निदेशक अर्चना व्यास ने हस्ताक्षर किए। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार और गेट्स फाउंडेशन के बीच वर्ष 2010 से साझेदारी रही है और पिछले 15 वर्ष में इस समझौते का कई बार नवीनीकरण किया जा चुका है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने समझौते के नवीनीकरण को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि बिहार सरकार राज्य के लोगों के जीवन स्तर में सतत सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गेट्स फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग और विशेषज्ञता से आगे भी राज्य को मदद मिलती रहेगी, जिससे बिहार के विकास को नयी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से वर्ष 2030 तक एसडीजी की प्राप्ति की दिशा में राज्य की और प्रगति होगी।

## राजस्थान: शिक्षकों के तबादले और उर्वरक वितरण के मुद्दे विधानसभा में गूंजे

**जयपुर:** राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को तृतीय श्रेणी के अध्यापकों के तबादले, उर्वरक वितरण व जल जीवन मिशन में कथित गड़बड़ी जैसे मुद्दे उठाए गए और सदन में कई बार हंगामा हुआ। प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने तृतीय श्रेणी के अध्यापकों के लिए तबादला नीति अब तक नहीं बनाए जाने को लेकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से सवाल किया। प्रश्न के उत्तर में मंत्री दिलावर ने कहा कि तृतीय श्रेणी के शिक्षकों के लिए स्थानांतरण नीति बनाने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन शिक्षकों के स्थानांतरण के विषय पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि इस समय प्रशासनिक सुधार विभाग ने स्थानान्तरण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है लेकिन विभागीय आवश्यकतानुसार व अति आवश्यक मामलों में निर्धारित विभागीय प्रक्रिया के अनुसार सक्षम स्तर से अनुमोदन के बाद स्थानान्तरण किये गए हैं। नेता प्रतिपक्ष जूली ने आरोप लगाया कि सरकार तबादले के मुद्दे पर इन शिक्षकों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने दो साल बीत जाने पर भी तबादला नीति नहीं बनाई है। कांग्रेस विधायकों ने इस मुद्दे पर हंगामा किया। कांग्रेस विधायक इंदिरा मीणा ने सवाई माधोपुर जिले में खाद और बीज बांटने में कथित अव्यवस्था और किसानों की लंबी कतारें लगने पर चिंता जताई। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने दावा किया कि सरकार ने इस वर्ष राज्य में यूरिया की मांग के मुकाबले तीन लाख मीट्रिक टन अधिक यूरिया उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रयासरत है। विधायक ने निलंबित किए गए डीलरों को दोबारा रखे जाने के बारे में सवाल पूछा।

## सहारनपुर में मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल महिला 28 लाख रुपये की स्मैक के साथ गिरफ्तार

**सहारनपुर (उप्र):** सहारनपुर जिले में थाना मिर्जापुर पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी में कथित रूप से शामिल एक महिला को गिरफ्तार करके उसके पास से 28 लाख रुपये का स्मैक बरामद किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला के पास से 140 ग्राम अवैध स्मैक और 14,500 रुपये की नकदी के साथ एक बाइक बरामद की गई। अधिकारियों ने बरामद स्मैक का अनुमानित बाजार मूल्य 28 लाख रुपये बताया है। थाना मिर्जापुर के प्रभारी सुबे सिंह ने बताया कि मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सवेरा' के तहत बृहस्पतिवार को यह गिरफ्तारी की गई। सिंह ने बताया कि नियमित जांच के दौरान स्थानीय निवासी एक महिला को शेरपुर पैलो मार्ग पर स्थित बिजलीघर के पास से पकड़ा गया। सिंह ने कहा कि आरोपी महिला की पहचान मिर्जापुर थाना के गांव मिर्जापुर पोल निवासी मेसर के रूप में हुई है जिसके पति का नाम शहजाद है।

## झारखंड में जंगली हाथियों के हमले में छह लोगों की मौत



**रांची:** झारखंड के हजारीबाग जिले में शुक्रवार को जंगली हाथियों के एक झुंड के हमले में एक परिवार के चार सदस्यों सहित छह लोगों की मौत हो गई। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। हजारीबाग पूर्व के संभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) विकास कुमार उज्ज्वल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पिछले कुछ दिनों में कई लोगों पर हमला कर चुका हाथियों का झुंड बृहस्पतिवार रात को चुरचू प्रखंड के गोंडवार गांव में घुस गया और शुक्रवार तड़के हाथियों के इस झुंड के हमले मे छह लोगों की मौत हो गई। उज्ज्वल ने कहा, ''मृतकों में एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं। एक बच्चा भी गंभीर रूप से घायल हुआ है।'' उन्होंने बताया कि बच्चे को इलाज के लिए हजारीबाग के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उज्ज्वल ने बताया कि हाथियों का यह झुंड पिछले कुछ दिनों से बोकारो, रामगढ़ और हजारीबाग जिलों में घूम रहा है और इस झुंड ने इससे पहले बोकारो में लोगों पर हमला किया था। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, 'जब हाथियों का झुंड प्रखंड में दाखिल हुआ तो हमने सार्वजनिक संबोधन प्रणाली के जरिए ग्रामीणों को सतर्क किया था। दुर्भाग्यवश, छह लोगों की हाथियों के हमले में मृत्यु हो गई।' उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस बीच, अधिकारी ने बताया कि हाथियों के झुंड को इलाके से भगाने के लिए एक त्वरित प्रतिक्रिया दल तैनात किया गया है।

## न्यूज अपडेट

### झारखंड में 70 लाख रुपये की विदेशी शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

**पलामू:** झारखंड पुलिस ने पलामू जिले में अवैध रूप से ले जाई जा रही भारत निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) जब्त की है जिसकी कीमत 70 लाख रुपये है। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। पलामू टाउन थाने के प्रभारी ज्योति लाल राजवार ने बताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए झारखंड पुलिस ने बृहस्पतिवार को यहां साहीक मंजिल चौक के पास चंडीगढ़ से आ रहे एक ट्रक को रोका और कोयले के ढेर के नीचे छिपाकर रखी गई शराब की 850 पेटियां जब्त कीं। उन्होंने बताया कि इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने कहा, गिरफ्तार व्यक्तियों में से दो हरियाणा और बिहार के रहने वाले हैं, जबकि तीसरा झारखंड का निवासी है। यह शराब मेदिनीनगर पहुंचाई जानी थी, जहां इस महीने के अंत में निकाय चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है।

### घर के पास पेशाब करने पर आपत्ति जताने पर एक व्यक्ति की हत्या, पुलिसकर्मी समेत छह लोग गिरफ्तार

**प्रयागराज (उत्तर प्रदेश):** प्रयागराज जिले के नैनी क्षेत्र में 45 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपने घर के पास पेशाब करने पर आपत्ति जताई, जिसके बाद कथित तौर पर पीटकर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि नामजद 12 आरोपियों में से छह को गिरफ्तार कर लिया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (करछना) सुनील कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार रात आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर मदौका में स्थित एक शादीघर के बाहर एक व्यक्ति को बुरी तरह पीटे जाने की जानकारी मिली। पुलिस जब संजय गेस्ट हाउस के पास पहुंची तो वहां घायल अवस्था में राजेश निषाद मिले, जो पास में ही रहते थे।

### बलिया में फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग ऐप से युवक से 63 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**बलिया (उप्र):** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग ऐप के जरिए एक युवक को भारी मुनाफे का झूठा आश्वासन देकर उससे 63 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार बलिया शहर कोतवाली में सुभाष नगर मोहल्ले के आदित्य गुप्ता की शिकायत पर बृहस्पतिवार को सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। अपनी शिकायत में गुप्ता ने आरोप लगाया कि 16 जनवरी और छह फरवरी के बीच फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग ऐप 'टिकने सी' के माध्यम से उसे लाभ का झूठा आश्वासन दिया गया। उन्होंने दावा किया कि आरोपियों ने उनसे अलग-अलग बैंक खातों में पैसे हस्तांतरित करवाए और उनसे 63 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। मामले में सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम की धारा 66डी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है, जो कंप्यूटर संसाधनों का उपयोग करके फर्जी नाम से धोखाधड़ी करने से संबंधित है। इसके लिए फर्जी ऐप 'टिकने सी' और व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया था। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए नियामक बनेगा: मंत्री

**जयपुर:** राजस्थान में निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए नियामक आयोग के गठन की प्रक्रिया जारी है। राज्य सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने प्रश्नकाल के दौरान बताया कि राज्य में निजी उच्च शिक्षा संस्थानों पर नियंत्रण एवं उनमें अनियमितताओं की रोकथाम के लिए नियामक आयोग के गठन की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसका प्रारूप तैयार करके समीक्षा के लिए विधि विभाग के समक्ष पेश किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि पिछली सरकार ने निजी उच्च शिक्षा संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विनियामक प्राधिकरण आयोग का गठन करने के सिलसिले में समिति गठित की थी। बैरवा ने कहा कि समिति ने प्रस्तावित प्राधिकरण के विधेयक का प्रारूप तैयार कर राज्य सरकार को भेजा था, जिसके बाद 'राजस्थान प्राइवेट हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेटरी अथॉरिटी बिल-2023' का प्रारूप तैयार करके विधि विभाग को मूल्यांकन के लिए पेश किया गया। मंत्री ने विधायक कालीचरण सराफ के मूल प्रश्न के उत्तर में बताया कि फर्जी डिग्रियां बांटने एवं अनियमितताओं की शिकायतों पर राज्य सरकार ने 10 निजी विश्वविद्यालयों के विरुद्ध जांच के आदेश दिए गए हैं।

## बिहार: पुलिस ने 10 महीनों में 300 करोड़ रुपये के चालान जारी किये



**पटना:** बिहार में पिछले 10 महीनों में मोटर वाहन अधिनियम और यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर 4.97 लाख चालान जारी किए, जिनकी कुल राशि 301.28 करोड़ रुपये है। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुल चालान में से पिछले दो महीनों दिसंबर से फरवरी के बीच ही 1.48 लाख चालान जारी किए गए, जिनकी राशि 90.97 करोड़ रुपये है। कुमार ने राज्य विधानसभा के बाहर पत्रकारों से कहा कि विभाग ने अब तक कुल 301.28 करोड़ रुपये में से 115.23 करोड़ रुपये की वसूली कर ली है। उन्होंने कहा, ये चालान एक अप्रैल 2025 से 11 फरवरी 2026 तक जारी किए गए हैं। शेष राशि की वसूली की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि राज्यभर में राजमार्गों पर यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ विभाग ने अभियान तेज किया है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाना है। मंत्री ने यह भी कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़क सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए हाई-टेक वाहनों के बेड़े को रवाना कर 'राष्ट्रीय राजमार्ग पेट्रोलिंग प्रणाली' की शुरुआत की है। मंत्री के अनुसार, हर 50 किलोमीटर पर महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात ये वाहन दुर्घटना पीड़ितों को समय पर सहायता देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परिवहन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले दो महीनों में कैमूर जिले के भभुआ में सबसे अधिक 30,833 चालान जारी किए गए।

### डीपीडीपी की समय-सीमा में जल्दबाजी से भारत की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ सकता है: विशेषज्ञ

**कोलकाता, समाज्ञा :** डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) नियमों के अनुपालन की समय-सीमा घटाने के प्रस्ताव पर उद्योग और नीति विशेषज्ञों ने चिंता व्यक्त की है। इनगवर्न अनुसंधान सेवाएं द्वारा आयोजित मीडिया परिचर्चा में वक्ताओं ने कहा कि 18 महीनों की जगह 12 महीने या उससे कम समय में नियम लागू करने से बड़ी कंपनियों के साथ नवउद्यमों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों पर असमान बोझ पड़ेगा।इनगवर्न के संस्थापक श्रीराम सुब्रमणियन ने कहा कि मजबूत डेटा सुरक्षा आवश्यक है, लेकिन जल्दबाजी में अनुपालन से लागत बढ़ेगी और नवाचार प्रभावित हो सकता है। इंडसलॉ की साझेदार श्रेया सूरी ने चरणबद्ध और जोखिम-आधारित क्रियान्वयन की वकालत की। एंजेल निवेशक लॉयड मैथियास ने चेताया कि अनुपालन लागत बढ़ने से नवउद्यमों की वित्तपोषण क्षमता और कार्यकाल पर असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों ने संक्रमण अवधि बनाए रखने और स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की।

### बर्जर पेंट्स की तीसरी तिमाही रिपोर्ट: राजस्व स्थिर, मुनाफे में गिरावट

**कोलकाता, समाज्ञा :** बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। समेकित आधार पर कंपनी का परिचालन राजस्व 2,984 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही से 0.3% अधिक है। हालांकि शुद्ध लाभ 8.3% घटकर 271.3 करोड़ रुपये पर आ गया। ईबीआईटीडीए मामूली गिरावट के साथ 471 करोड़ रुपये रहा।नौ महीनों के आधार पर कंपनी का समेकित राजस्व 1.9% बढ़कर 9,012.2 करोड़ रुपये रहा, जबकि शुद्ध लाभ 13.8% घटकर 792.8 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अभिजीत रॉय ने कहा कि लंबा मॉनसून और छोटा त्योहार सीजन बिक्री को प्रभावित कर गया, हालांकि तिमाही में 8.5% वॉल्यूम ग्रोथ दर्ज की गई। वॉटरप्रूफिंग, कंस्ट्रक्शन केमिकल्स और वुड कोटिंग्स में मजबूत प्रदर्शन रहा। विदेशी मुद्रा उतार-चढ़ाव के कारण मार्जिन पर दबाव बना रह सकता है, लेकिन मांग में सुधार के संकेत सकारात्मक हैं।

